**आज का मौसम**

बादल छाए रहेंगे। तेज बारिश की संभावना। उमस भी रहेगी।

| 39.3° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 19 | सूर्यास्त 07 :01 |

## एक नजर

### पुलिस ने दंपति में कराई सुलह, साथ रहेंगे

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र की पुलिस टीम ने दंपति में सुलह करा। अभिलाषा पुत्री दद्दी निवासी शंकरगंज ने पति सुशील पुत्र प्रीतम निवासी कर्वी व ससुरालीजनों पर मारपीट, गालीगलौज व दहेज की मांग करने की शिकायत एसपी से की थी। एसपी ने मामले के निपटारे के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र को निर्देशित किया। केंद्र प्रभारी गुड्डी देवी, आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव, मंजूलता ने दोनों पक्षों को समझाया बुझाया। पति पत्नी विवाद खत्म कर साथ रहने को राजी हो गए।

### एसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को सलामी लेकर साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। टर्न आउट चेक किया व ड्रिल में सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण को निर्देशित किया। एसपी ने परिवहन शाखा, आवासीय परिसर, मेस का भ्रमण कर भोजन सफाई से बनवाने के निर्देश दिए। विवेचकों के कामों की समीक्षा की। इस दौरान पीआरओ प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### दो घंटे में ढूंढा गुमशुदा बालक, परिजन खुश

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना पुलिस ने गुमशुदा बालक को दो घंटे के अंदर सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया। 28 जून की शाम शकीना बानो पत्नी स्व. रोशन अली निवासी शिवनगर ने थाने में सूचना दी कि उसका 13 वर्षीय पुत्र रमजान मोहम्मद बिना बताए घर से नाराज होकर कहीं चला गया है। काफी खोजा गया पर नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक ने अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। पुलिस टीम ने दो घंटे के अंदर रमजान को ग्राम अहिरी चौकी सरैया क्षेत्र से ढूंढ निकाला। बालक को पाकर परिजनों के चेहरे की मुस्कान लौटी। इन्होंने पुलिस टीम की सराहना की।

### चालक की सूझबूझ से बचा बड़ा हादसा

**चित्रकूट।** एक चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा बच गया। शुक्रवार की दोपहर लगभग सवा बजे किदवईनगर डिपो की बस बदौसा के पास दुर्घटनाग्रस्त होते बच गई। बस का पटा टूट जाने की वजह से यह अनियंत्रित हो गई और लड़खड़ाने लगी। इस दौरान चालक अनुराग मिश्रा ने संयम बनाए रखा और लगभग सड़क किनारे से स्टेयरिंग के सहारे बस को बीच में ले आया। अगर कुछ सेकंड की चूक हो जाती तो बस लगभग तीस फीट नीचे चली जाती। बस में बैठे लगभग 30 यात्रियों ने चालक की सूझबूझ को जमकर सराहा।



अनुराग मिश्रा।

# गैंगस्टर एक्ट में इतनी दहशत हो कि अपराधी स्वयं करें समर्पण

## कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपराधियों से कड़ाई से निपटें। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर एक्ट में इतनी दहशत होनी चाहिए कि अपराधी स्वयं आकर आत्मसमर्पण करे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि जिन मुकदमों में अपराधियों को सजा दिलाई जा चुकी है, उनको सूची से हटाएं। महिलाओं व नाबालिगों के अपराध में कमी आनी चाहिए। डीएम ने निर्देश दिए कि कहीं भी अवैध रूप से मादक पदार्थ नहीं बिकने चहिए। युवा पीढ़ी को नशे की लत न लगे, इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाए।

बैठक में एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, एसडीएम सतीश चंद्र, मोहम्मद जसीम अहमद, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा आदि अधिवक्ता व अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

### अब तक 30 लाभार्थियों को मिली मदद

उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं/ बालिकाओं को विभिन्न धाराओं के तहत आर्थिक सहायता का प्रावधान है। बैठक में जिलाधिकारी को बताया गया कि जिले में अबतक इसमें तीस लाभार्थियों के खाते में धनराशि भेजी गई है। इस पर डीएम ने निर्देश दिए कि जिन मामलों में क्षतिपूर्ति शेष है, कमेटी से समन्वय बनाकर निस्तारण कराएं। समस्या हो तो सीएमओ से भी वार्ता करें।

### पुलिस परीक्षा के चार केंद्र बने

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि दूरी अधिक होने की स्थिति में जिले में उप्र पुलिस परीक्षा के चार केंद्र बनाए गए हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि जिन स्कूलों की प्रतिष्ठा हो, उन्हीं को चिह्नित करें। उन्होंने कहा कि सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज व जगद्‌गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय को मानक के उपयुक्त पाए जाने के पश्चात ही प्रस्ताव बनाकर भेजें। परीक्षा शुचितापूर्ण हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### अवैध बस और टेंपो स्टैंड हटाए जाएं

जिलाधिकारी ने हिदायत दी कि अवैध टैक्सी स्टैंड पर वसूली नहीं होनी चाहिए। चिह्नित स्थलों पर स्टैंड बनाएं। एआरएम रोडवेज, सीओ व एसडीएम तथा यातायात प्रभारी समन्वय बनाकर अभियान चलाएं एक हफ्ते के अंदर अवैध बस स्टैंड व टेंपो स्टैंड हटवाएं। किराया सूची भी चस्पा की जाए। डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा स्थलों पर ब्रेकर, शाइनिंग बोर्ड की सूची दें।



जाम हटवाते ईओ नगर पंचायत बीएन कुशवाहा। अमृत विचार

# अतिक्रमण हटवाने पहुंचे ईओ, हड़कंप

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- सब्जी मंडी में जाम की समस्या हो रही विकट

**अमृत विचार।** कस्बे में अतिक्रमण के चलते सड़कें सिकुड़ती जा रही हैं। हर तिराहे चौराहों पर रोजाना जाम की स्थिति बनती है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। नगर पंचायत कई बार मुनादी कराकर नाली व पटरी खाली कराने को आगाह कर चुकी है पर अतिक्रमणकारियों पर कोई असर नहीं हुआ है। शुक्रवार को ईओ अतिक्रमण हटवाने पहुंचे तो हड़कंप मच गया।

सबसे ज्यादा विकट स्थिति सब्जी मंडी की है। यहां छोटे बड़े वाहनों के आवागमन में जाम लग जाता है। जाम न लगे और भीड़ नियंत्रित रहे, इसके लिए चौराहों तिराहों पर पुलिस नजर नहीं आती है। 15 से 20 किमी की दूरी पर बसने वाले गांवों के लोगों के लिए एकमात्र राजापुर बाजार है और ऐसे में यहां भीड़ लगना स्वाभाविक है। सब्जी मंडी मार्ग पर स्थित सीओ कार्यालय, हनुमान मंदिर, तुलसी जन्मकुटीर तथा मानस मंदिर में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा ने कहा कि कई बार व्यापारियों के साथ बैठक व मुनादी कराई गई लेकिन अतिक्रमणकारियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। शुक्रवार को ईओ पुलिस बल के साथ जैसे ही सब्जी मंडी पहुंचे भगदड़ मच गई और लोग सामान लेकर भागते रहे। ईओ ने अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी कि सड़क व पटरी पर अवैध कब्जा न करें अन्यथा उपजिलाधिकारी के साथ अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों के ऊपर शिकंजा कसते हुए सामान जब्त कर लिया जाएगा। बताया कि सड़क पर सब्जी मंडी लगना ही सबसे बड़ी समस्या है। इसी के चलते जाम की स्थिति बनती है। जल्द ही मुख्य मार्ग से नगर पंचायत के कर्मचारियों व पुलिस बल के साथ सब्जी मंडी हटवाई जाएगी, जिससे बाद समस्या दूर होगी।



दानवीर भामाशाह की जयंती को लेकर हुई बैठक। अमृत विचार

# ब्रेक फेल होने से बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त, आठ श्रद्धालु घायल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- देवी मंदिर से लौटते समय पहाड़ पर बिगड़ा वाहन का संतुलन

**अमृत विचार।** पहाड़ में स्थित देवी मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो का ब्रेक फेल होने से चालक ने नियंत्रण खो दिया। इसके चलते वाहन सड़क किनारे रखे लकड़ी के खोखे को तोड़ते हुए पेड़ से भिड़ गई। हादसे में चालक समेत आठ श्रद्धालु घायल हो गए। हनुमान मंदिर के महंत को भी चोटें आईं।

बताया जाता है कि सेमरदहा गांव के कुछ श्रद्धालुओं को लेकर गढ़चपा निवासी एक युवक बोलेरो से शुक्रवार को रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लालापुर स्थित देवी अशावर माता में दर्शन कराने आया था। दर्शन करके लौटते समय पहाड़ से नीचे उतरने के दौरान बोलेरो का ब्रेक फेल हो गया। इससे वाहन सड़क के किनारे रखी लकड़ी के एक खोखे को तोडते हुए पेड़ से टकरा गया। वाहन में बैठे चंद्रपाल पुत्र बाबूलाल, राजा सिंह पुत्र लाल सिंह, राममिलन, सुमन, गीता, सोनम, ननकी व लल्लू घायल हो गए। खोखे के पास बैठे हनुमान मंदिर के महंत देवदास को भी चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप सिंह पटेल ने एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भेजा।



घायल श्रद्धालु को संभालते परिजन व मौके पर जुटे लोग। अमृत विचार

# व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई जाएगी भामाशाह जयंती

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- सबसे ज्यादा कर देने वाले व्यापारी को मिलेगा पुरस्कार

**अमृत विचार।** दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान सबसे ज्यादा कर देने वाले व्यापारी को भामाशाह पुरस्कार दिया जाएगा। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद जसीम की अध्यक्षता में कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई।

बैठक में उपायुक्त राज्य कर विजय कुमार सोनी ने बताया कि 29 जून को जयंती कलेक्ट्रेट परिसर में धूमधाम से मनाई जाएगी। राज्य कर विभाग, एमएसएमई, नगरीय विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग और औद्योगिक विकास विभाग स्टॉल लगाएंगे। उत्पादों के प्रचार प्रसार एवं विक्रय का कार्य किया जाएगा। जनपद में पूंजी निवेश करने वाले उद्यमियों का सम्मान किया जाएगा। संस्कृति विभाग दानवीर भामाशाह की जीवन यात्रा से संबंधित अभिलेखों की प्रदर्शनी लगाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठान पर व्यापारी कल्याण दिवस मनाने के कार्यक्रमों को उत्तर प्रदेश की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रदर्शित कराया जाएगा। उप जिलाधिकारी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से अनुरोध किया वे व्यापारी कल्याण दिवस कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित कराएं। उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से संपर्क स्थापित कर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी ने बताया कि व्यापार मंडल द्वारा विगत वर्षों से ही दानवीर भामाशाह का जन्मदिवस मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। उपायुक्त राज्य कर अवनीश कुमार चौधरी, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष गुलाब चंद्र गुप्ता, राहुल गुप्ता, रोहित कश्यप, जिला समन्वयक डूडा संतोष कुमार पटेल, उद्यमी मित्र सुधा सिंह, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## खेतिहर श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण पर होगी चर्चा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** देश के खेतिहर श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण पर विचार-मंथन के लिए दीनदयाल शोध संस्थान के तत्वाधान में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें खेतिहर श्रमिकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर 12 राज्यों के प्रतिवेदन भी प्रस्तुत होंगे। इस अवसर पर वाइस आफ द लैंड्स" शीर्षक से एक पुस्तक का भी विमोचन होगा। डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि तकनीकी परिवर्तन और कृषि की आधुनिक व्यवस्थाओं से खेती की परिभाषा बदली है।

# एई व उपायुक्त उद्योग का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** व्यापार बंधु व उद्योग बंधु के साथ जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने बैठक की बैठक में बगैर सूचना अनुपस्थित रहने तथा उद्यमियों के प्रकरणों में खराब प्रगति होने पर भूगर्भ जल विभाग के एई व उपायुक्त उद्योग के वेतन रोकने के निर्देश दिए डीएम ने दिए।

बैठक में समस्याओं का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ॠण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा की। कहा पीएम रोजगार सृजन योजना के आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग न रखा जाए। बैठक में व्यापारियों ने बिजली कटौती व बिलों के असामान्य रूप से आना तथा नहर बाईपास में नाले का निर्माण, नालों की साफ सफाई, राठ में डॉक्टरों की कमी, एटीएम मशीन तथा शहर में अतिक्रमण हटाने तथा ई-रिक्शा से होने वाले जाम की समस्या आदि की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण तथा नालों की साफ सफाई का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है तथा अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने तथा उद्यमियों के प्रकरणों में खराब प्रगति पर भूगर्भ जल विभाग के सहायक अभियंता एवं उपायुक्त उद्योग का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

### बैठक में उठीं राठ नगर की समस्याएं

**राठ।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने कस्बे की विभिन्न समस्याओं का मुद्दा डीएम के सामने उठाया। उन्होंने समस्याओं का ज्ञापन डीएम को सौंपा। बताया कि राठ कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी है। इलाज के लिए बाहर भटकना पड़ता है। सीएचसी में बाल रोग विशेषज्ञ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं महिला चिकित्सक नियुक्त किए जाने की मांग की है। पैथालॉजी लैब की मशीनें भी धूल खा रहीं है। राठ उरई फोनलेन सड़क पर पानी भरने से हुए गड्ढे सही कराने की मांग की है। सड़क किनारे नाला न होने से पानी भरता है। सड़क के डिवाइडर भी टूट गए हैं। कस्बे में पानी की समस्या विकराल है। एक दिन छोड़ एक दिन पानी मिल रहा है। इसी तरह भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता ने नगर में बिजली की अंधाधुंध कटौती होने, व्यापारियों को कनेक्शन न मिलने, नगर पालिका द्वारा नाला सफाई के बाद सड़क पर मलबा डालने जैसे मुद्दे उठाए।

**लेटलतीफी** जिम्मेदारों पर किसी निर्देश का कोई असर नहीं, जिलाधिकारी ने जून तक काम पूरा करने के कार्यदायी संस्था को दिए थे निर्देश

# बीत गई मियाद फिर भी नहीं बन पाया महिला पुल

अभिनव राज त्रिपाठी,मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** विभागीय जिम्मेदारों की काम करने की अपनी शैली है। किसी भी आदेश-निर्देश का इन पर कोई असर नहीं होता। यदि होता तो शायद महिला पुल अब तक बनकर तैयार हो चुका होता। निवर्तमान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कई महीने पहले मऊ महिला पुल का स्थलीय निरीक्षण किया था और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया था कि जून के अंत तक पुल बन जाए। उन्होंने एक्सईएन लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एक कृष्ण कुमार को भी निर्देशित किया था कि हर हाल में पुल के दोनो ओर अप्रोच रोड का निर्माण 15 जून तक कर लिया जाए। जुलाई के अंत तक इसे आवागमन के लिए शुरू कराया जा सके लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है।

**अभी छह पिलरों का काम बाकी :** पुल के साइट इंजीनियर रामजी पाल बताते हैं कि पुल में अभी छह पिलरों में स्लैब ढलाई का काम बाकी है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्य की गति धीमी होने पर उन्होंने कहा कि फंड की दिक्कतों के चलते काम धीमा हो गया है।





अभी भी पुल में बचा है काफी काम। अमृत विचार

### लागत भी बढ़ गई

जानकारी के मुताबिक, स्वीकृति के समय जो पुल करीब 40 करोड़ रुपये में बनना था, अब उसकी लागत 116 करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 2020 में योगी सरकार ने पुनरीक्षित बजट को स्वीकृति देते हुए धन भी जारी कर दिया है। पुल की कुल लागत अब 11685 .05 लाख रुपये है। पुल की कुल लंबाई 1247 .13 मीटर तो चौड़ाई 7 .5 मीटर है। पुल में 42 पिलर हैं। पुल के कार्यों की निगरानी सेतु निगम कर रहा है जिसे बनाने का काम प्राइवेट कंपनी मित्तल ग्रुप को मिला है। पुल की औसत आयु 50 साल है।

### बसपा सरकार ने दिया था क्षेत्रवासियों को तोहफा

बसपा सरकार में इस पुल की घोषणा हुई थी लेकिन उसके बाद तीन सरकारें आई और गईं, पुल अधूरा पड़ा रहा। इस पुल के बन जाने से चित्रकूट और कौशांबी जिलों की लगभग साढ़े पांच लाख की आबादी को सीधा लाभ होगा। इसके साथ ही प्रतापगढ़, फतेहपुर और प्रयागराज आने-जाने के लिए लोगों को सहूलियत भी होगी।

### क्या कहते हैं लोग

मऊ-महिला का पुल निर्माण नौ दिन चले अढ़ाई कोस की उक्ति को भी पीछे छोड़ गया। 14 वर्ष के बाद भी इसका निर्माण नहीं हो सका। इसकी सबसे बड़ी वजह जन प्रतिनिधियों की उदासीनता और इस ओर ध्यान न देना भी है।



– पंकज मिश्र, सदस्य आल इंडिया कांग्रेस कमेटी

पुल में जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार कंपनी ने जमकर अनियमितता की है। पैसों की बंटरबांट की उच्चस्तरीय जांच करवाई जानी चाहिए। पुल पर कछुआ गति से काम इसलिए चल रहा है क्योंकि बालू माफिया ही नहीं चाहते कि पुल बने। देरी हुई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी।



– अनुज यादव, सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

मऊ महिला पुल में देरी की सबसे बड़ी वजह जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों द्वारा प्राथमिकता न देना है। पुल में देरी के साथ साथ स्थानीय कामगारों को भी रोजगार नहीं दिया गया। यदि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों द्वारा पहल की जाती तो पुल में स्थानीय लोगों को काम मिलता जिससे गरीब तबके का कुछ भला हो सकता था।



– अजयराज, सपा यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव



पौधरोपण कर बच्चों को प्रेरित करते सर्वेश। अमृत विचार

# नित हो रहीं सांसें कम आओ पेड़ लगाएं हम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- शिक्षामित्र सर्वेश यादव ने की लोगों से अपील

**अमृत विचार।** धीरे धीरे जिले में वृक्ष पुरुष के नाम से ख्यात हो रहे शिक्षामित्र सर्वेश यादव ने लोगों से अपने यहां होने वाले किसी भी समारोह पर एक पौधा लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 22 करोड़ आबादी वाला राज्य है, अगर हर व्यक्ति केवल एक पेड़ लगाए तो साल भर में 30 सेल्सियस से भी कम तापमान हो जाएगा।

इस बार उन्होंने अपने गांव सेमरिया चरणदासी में हर घर के सामने एक पौधा लगाने का अभियान चलाया है। अपने पुत्र शौर्य के जन्मदिन पर भी उन्होंने घर के सामने एक पौधा लगाया। सर्वेश यादव ने कविता की पंक्तियों के सहारे पौधे लगाने की अपील की, मंदिरों में बंटे अब यही प्रसाद, एक पौधा और थोडी सी खाद। हर मस्जिद से यही अजान, दरख्त लगाएं हर इंसान। नित हो रहीं सांसें कम, आओ पेड़ लगाएं हम।

# 13 विभाग मिलकर चलाएंगे संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान

## जिलाधिकारी ने दूसरी बार अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक को किया संबोधित



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप। अमृत विचार



बैठक में शामिल अधिकारी, कर्मचारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- 11 से 31 जुलाई तक जिले में लोगों को किया जाएगा जागरूक
- साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई पेयजल व्यवस्था पर रहेगा जोर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने दूसरी बार अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की रूपरेखा बताते हुए विभागियों अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। बताया कि पूरे जिले में संचारी रोग अभियान पहली से 31 जुलाई तक चलेगा। जबकि 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतों में नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई और जलभराव आदि पर कार्य किया जाएगा। साथ ही तालाबों की सफाई, हैंडपंप व पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की दूसरी बार बैठक ली। बताया कि जनपद में पहली से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण और 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। इसमें 13 विभाग मिलकर कार्य करेंगें। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी एडीओ पंचायत के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग करने के निर्देश दिए। कहा कि दस्तक अभियान के दौरान स्टाप डायरिया अभियान चलाया जायेगा। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इस दौरान जिंक एवं ओआरएस का वितरण करेंगी।

शिक्षा विभाग अधिकारियों को शिक्षक-अभिभावक बैठक करने के निर्देश दिए। हरेक स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के साथ सफाई की जानकारी दी जाए। ग्राम्य विकास विभाग सभी गांवों में कार्य योजनानुसार नालियों की सफाई, झाडियों की कटाई, एंटी लार्वा दवा का छिडकाव, जल भराव का निस्तारण, शुद्व पेय जल की व्यवस्था करेगा। इसके अलावा अभियान में स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार, नगर पालिका परिषद, कृषि एवं पशुपालन विभाग अधिकारी सहयोग करेंगे।

संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की मॉनीटरिंग के लिए जिला स्तर से सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मलेरिया व फाइलेरिया निरीक्षकों को पर्यवेक्षण कार्य के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया। बैठक में सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य, सीएमओ डा.एके श्रीवास्तव, डीडीओ रमाशंकर सिह, डीसी पीएन यादव, एसीएमओ डा.आरएन प्रसाद, नोडल अधिकारी वीवीडी डा.मुकेश पहाडी, डिप्टी सीएमओ डा.विजय शंकर केसरवानी, एसएमओ डा.वर्षा नायर, डीएमओ पूजा अहिरवार, डिप्टी डीएमओ विजय बहादुर, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार प्रदीप कुमार, अतुल कुमार, गुफरान अहमद, जिला पंचायत राज, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, नगर विकास, पशुपालन, कृषि, जल संस्थान, उद्यान, जल निगम और सिचाई विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं'

**बांदा।** शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक अवश्य पहुंचाएं। विकास कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। साथ ही योजना व निर्माण कार्य के लिए धनराशि की आवश्यकता हो तो उसकी मांग करते हुए कार्यों को अवश्य पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप ने कलक्ट्रेट सभागार में विकास एवं राजस्व विभाग से संबंधित बैठक में समीक्षा करते हुए अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की विभागवार जानकारी ली और कहा कि सभी कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवशेष आवासों के निर्माण शीघ्र पूर्ण कराए। इसी प्रकार से उन्होंने वृक्षारोपण के लिए गड्ढों की खुदान, पौधरोपण की तैयारी, वर्षा जल संरक्षण के लिए मेडबंदी, तालाबों की खुदाई, खेत तालाब योजना के तहत जल संरक्षण के कार्यों को भी पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## करंट से किशोर व युवक झुलसे

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सतन्याव गांव निवासी स्वयंबर (18) पुत्र कल्लू गुरूवार की शाम घर पर काम कर रहा था। तभी उसका हाथ नजदीक रखे टेबल फैन में छू गया। जिससे करंट की चपेट में आ कर झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी कोतवाली क्षेत्र के परास गांव निवासी रोहित (14) पुत्र रंजीत शुक्रवार की दोपहर पंतग उड़ा रहा था। तभी उसकी पतंग हाईटेंशन लाइन में फंस गई। रोहित पतंग को छुड़ा रहा था। तभी करंट लग जाने से झुलस गया। घरवालों ने उसे सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# कृषि में हो रहा नई तकनीक का विकास

कार्यालय संवाददाता, बांदा



कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो. एनपी सिंह। अमृत विचार

- कृषक उत्पादक समूहों ने वैज्ञानिकों से हासिल की तकनीकी सलाह

**अमृत विचार।** एक दिवसीय हितधारक परामर्श कार्यशाला में बांदा और चित्रकूट के कृषक उत्पादक समूहों ने भागीदारी करते हुए अपने अनुभवा साझा करते हुए वैज्ञानिकों से स्टार्ट अप को तकनीकी सलाह ली। कुलपति ने कहा कि कृषि क्षेत्र में तकनीकी विकास की अपार संभावनाएं हैं। रचनात्मक सोच से कृषि क्षेत्र में नई तकनीकियों का विकास हो रहा है।

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 'कृषि तकनीक इनक्यूबेशन और संवर्धन-कृषि नवाचारों को व्यापक रूप से अपनाने के लिए चुनौतियों पर काबू पाना' विषय पर एक दिवसीय हितधारक परामर्श कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो.एनपी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में तकनीकी विकास की बहुत संभावनाएं हैं। रचनात्मक सोच से ही आये दिन कृषि में नई तकनीकियों का विकास हो रहा है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक और तकनीकी टीम दिलचस्पी रखने वालों की हर स्तर पर मदद करेगी। बताया कि प्रदेश सरकार ने विश्वविद्यालय में व्यवसाय नवाचार और इनक्यूबेशन सेंटर (एआईआईसी) स्थापना की संस्तुति प्रदान की है। कार्यशाला में प्रदेश सरकार के तकनीकी सहयोगी अंशटन यंग व सोशल अल्फा ने भागीदारी करते हुए कृषि क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न स्टार्टप इकोसाइट, मीवीप्रो, नियोफार्मटेक, इएफपोलिमर व डा.पशु के संस्थापक व सह-संस्थापक ने अपनी तकनीकी व उत्पादों की जानकारी दी। बांदा और चित्रकूट कृषक उत्पादक समूहों ने भागीदारी करते हुए अपने अनुभव साझा किए। साथ ही वैज्ञानिकों से स्टार्टअप के लिए तकनीकी सलाह हासिल की। निदेशक शोध डा.एसी मिश्रा ने विश्वविद्यालय के इन्क्यूवेशन सेंटर पर चर्चा की।

इस मौके पर अंशटन यंग प्रबंधक सौम्यजीत विश्वास और अमृता गुप्ता ने अपने अनुभव बताए। संचालन डा.अभिषेक कालिया ने किया। सहायक प्राध्यापक डा.बीके गुप्ता ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर अंशटन यंग प्रबंधक सौम्यजीत विश्वास और अमृता गुप्ता ने अपने अनुभव बताए। संचालन डा.अभिषेक कालिया ने किया। सहायक प्राध्यापक डा.बीके गुप्ता ने सभी का आभार जताया।

## सार-संक्षेप

### प्लॉट पर दबंग ने किया कब्जा

**बांदा।** पैलानी तहसील क्षेत्र के जसपुरा निवासी सोमनरायन ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर प्लाट को दबंग से मुक्त कराए जाने की मांग की है। कहा कि रिहायशी मकान बनाने के लिए उसने प्लाट खरीदा था। स्टांप शुल्क भी मालियत के मुताबिक उसने अदा की थी। प्लाट के कुछ हिस्से में घर बना लिया। शेष खाली पड़ा है। कुछ दिनों पहले दबंग ने खलिहान के लिए जमीन खरीदी थी। खलिहान से जुड़ी जमीन को अपनी बताकर दबंग ने उस पर कब्जा कर लिया। आरोप है कि उसकी पत्नी जेसीबी लेकर पहुंची और कब्जा कर लिया। पुलिस व राजस्व अधिकारियों से फरियाद की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने किसी सक्षम अधिकारी से प्लाट की पैमाइश कराते हुए प्लाट को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की।

### दबंगों ने सीमांकन को खेत में लगे पत्थर उखाड़े

**अतर्रा।** उपजिलाधिकारी के आदेश पर खेत में सीमांकन के लिए लगाए गए पत्थरों को दबंगों ने उखाड़ कर फेंक दिया। दबंग पीड़ित को खेत में बाउंड्रीवाल नहीं बनाने दे रहे। नरैनी रोड निवासी अखिलेश पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ओरन रोड़ में जमीन रजिस्टर्ड बैनामा लिया हुआ है। उसकी भूमि पर न्यायालय के आदेश पर पत्थरगडी हुई थी। लेकिन तीन दबंगों ने अपने घर की महिलाओं को साथ में लेकर खेत के पत्थरों को उखाड़ कर फेंक दिया है। अब वह दीवाल बनवा रहा है। लेकिन दबंग नहीं बनने दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला आज

**बांदा।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में शनिवार को सुबह 10 बजे रोजगार मेला आयोजित होगा। मेला में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि अपनी कंपनी के लिए विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन करेगी। सहायक निदेशक सेवायोजन वकील अहमद अंसारी ने बताया कि सेवायोजन निदेशालय के निर्देश पर कार्यालय परिसर में रोजगार मेला आयोजित होगा। जिसमें अनेक कंपनियों के प्रतिनिधि विभिन्न पदों के लिए युवाओं का चयन करेगी। उन्होंने बेरोजगार अभ्यर्थियों से अपील की है कि वह रोजगार मेले में भाग लेकर अवसर का लाभ उठाए और रोजगार हासिल करे।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के पवई गांव निवासी बच्चू (35) पुत्र राजाभइया गुरूवार की दोपहर पड़ोसी युवक से साथ लकड़ी काटने वाले मशीन बनवाने बांदा आया था। दुकान में अचानक उसके पेट में दर्द होने लगा। वह अचेत होकर वही गिर पड़ा। पड़ोसी युवक ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरो ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक शव लेकर गांव पहुंच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चचेरे भाई राजाबाबू ने बताया कि बच्चू सूरत में रह कर मजदूरी करता था। वह नौ माह पहले गांव आया था। वह अपने पिता की इकलौती संतान था। उसके पिता की चार साल पहले मौत हो चुकी है। बच्चू ही कमाने वाला था।

### किशोरी समेत दो ने जहर खाया

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बेर्राव गांव निवासी अंजना (17) पुत्री मइयादीन ने गुरूवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर घरवालो को पता चला। इसी तरह शहर के कालू कुआं निवासी सौरभ (30) पुत्र राजेंद्र ने शुक्रवार की सुबह घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शुकुल कुआं निवासी गणेश प्रसाद (45) शुक्रवार की दोपहर साईकिल से घर जा रहा था। तभी घर के नजदीक सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार कर घायल कर दिया। हादसे के बाद कार समेत चालक मौके से फरार हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## विद्यार्थियों को दी तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने की नसीहत

**अतर्रा।** दो दिवसीय वार्षिक तकनीकी महोत्सव अवतार-24 के पहले दिन विद्यार्थियों को चार मूलभूत पहलुओं की जानकारी देते हुए तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने की नसीहत दी। कहा कि तकनीकी कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में नवाचार व टीम भावना जागृत होती है। किसी भी कार्य को करने से पहले बुद्धि, बल और समय का विचार किया जाना बहुत जरूरी है।

कस्बा स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में शुक्रवार को अवतार-24 का आगाज हुआ। कालेज डायरेक्टर प्रो.एसपी शुक्ला ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नवाचार और उद्यमशीलता आज के बदलते वैश्विक परिदृश्य में राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के आधार हैं। टीम भावना से ही बड़े-बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक डा.सिद्धार्थ अरजरिया ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए चार मूलभूत पहलुओं बुद्धि, बल और समय का विचार किया जाना आवश्यक है। यह तकनीकी कार्यक्रम विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमताओं को आंकने वाला तथा बौद्धिक अभिरुचियों को बढ़ाने में सहायक साबित होगा। इस मौके पर डा.विभाष यादव, डा.शैलेंद्र बादल, डा.सुरेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार, दीप सिंह ठाकुर, अभिजीत सिंह, गुरुशरण सिंह, आशीष त्रिपाठी, निकिता, मोनिका अग्रवाल, राहुल रहे।

# वर्ल्ड कप फाइनल में भारत के पहुंचने पर मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सेमीफाइनल शुरू होते ही टीवी के सामने बैठ गए लोग
- क्रिकेट प्रेमियों ने लोगों को बांटी मिठाई, पटाखे फोड़े



खुशी मनाते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में गुरुवार की शाम टी-20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल मुकाबले के नाम रही। मैच शुरू होते ही खेल प्रेमी और तमाम लोग टीवी के सामने चिपक गए। भारत ने इंग्लैंड को हराया तो सभी खुशी से झूम उठे। भारत के फाइनल में पहुंचने पर शहरवासियों के साथ खिलाड़ियों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। भारतीय टीम को विश्व कप जीतने की अग्रिम बधाई दी।

गुरुवार को शाम टी-20 विश्वकप सेमीफाइनल को लेकर लोगों में उत्साह रहा। सेमीफाइनल मैच शुरू होते ही सभी भारत की जीत दुआ-प्रार्थना करने लगे। देर रात तक चले सेमीफाइनल में भारत ने एकतरफा मुकाबले में इंग्लैंड पर शानदार जीत दर्ज की। आधी रात को ही टीम इंडिया के फाइनल में प्रवेश करने का जश्न युवाओं ने पटाखा फोड़ कर मनाया। शुक्रवार को डीआर क्रिकेट एकेडमी में भी भारत के फाइनल में प्रवेश करने का जोरदार जश्न मनाया गया। एकेडमी चेयरमैन व डीसीए अध्यक्ष चंद्रमौलि भारद्वाज व सचिव वासिफ जमां खां समेत क्रिकेट कोच, खिलाड़ी रेहान, मोहित सिंह, शारिक नियाजी, अजय कुमार, पुष्कर द्विवेदी, कमलेश, विजय, रवि धुरिया, आशुतोष राणा, राजेंद्र अवस्थी, कुतैबा जमां खां आदि ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। साथ ही भारतीय टीम को फाइनल मैच जीतने की अग्रिम बधाई दी। इस मौके पर शुभम दुबे, अजय यादव, शिवप्रताप, ललित प्रताप, निखिल, मोनू शुक्ला, सत्येन्द्र सिंह, मोती, रवि चावला, शोभा सिंह, अबरार, शादिक अली समेत तमाम क्रिकेट खिलाड़ी मौजूद रहे।

## युवक कुएं में कूदा, भर्ती

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के दलपापुरवा निवासी बीरेंद्र (26) पुत्र जगनंदन बुधवार की सुबह हैंडपंप पर नहा रहा था। इसी बीच भैंस उसे मारने को दौड़ी। हमले से डरकर उसने नजदीक स्थित कुएं में छलांग लगा दी। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनो ने उसे कुएं से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे पीएचसी कमासिन से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# प्रदेश महासचिव व नये सदस्यों का किया गया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुआ सम्मान समारोह



प्रदेश महासचिव मोहित पाल का स्वागत करते कांग्रेसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कार्यालय सभागार में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव मोहित पाल का कांग्रेसजनों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा कांग्रेस में शामिल हुए नए सदस्यों का भी जोरदार स्वागत हुआ।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह एवं कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी व सदस्यों ने सभागार में आयोजित समारोह में नव नियुक्त प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मोहित पाल ने कहा कि वह राहुल गांधी और उनकी मेहनत से प्रभावित होकर पिछले 8 वर्षों से कांग्रेस की सेवा निष्ठा से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह संगठन में युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे और युवा इस समय काफी उत्साहित है और पार्टी से भी जुड़ रहा है। समारोह में कांग्रेस के बुजुर्गों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान सत्यप्रकाश द्विवेदी, बीलाल, शिवबली सिंह, राजेश गुप्ता, जहागीर खान, डॉ. केपी सेन, अशोक वर्धन कर्ण, द्वारिकेश मंडेला, धीरेंद्र पांडेय, आकाश दीक्षित आदि मौजूद रहे। कांग्रेस में शामिल हुए नए सदस्यों में अनिल पाल, सुमित पाल, शिवांशु शिवहरे, सूरज द्विवेदी, राजबहादुर पाल, शुभम यादव, विनय सिंह, राज पटेल, मोहित कुमार, दिग्विजय कुशवाहा आदि शामिल रहे।

# भूमाफिया पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** शहर में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाली शांति गुप्ता कंस्ट्रक्शन एंड रियल स्टेट कंपनी के मालिक दीपक गुप्ता के खिलाफ शहर के अतर्रा चुंगी निवासी युवक ने धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी देने के संबंध में शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी पर पीड़ित को प्लाट बेंचने के नाम धन हड़पने का आरोप है। इसके पहले भी आरोपी के खिलाफ कई बार मुकदमा और साइट ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन हर बार अपने रसूख की दम पर वह साफ बच निकलता है।

अतर्रा चुंगी निवासी अभिषेक शुक्ला ने भूमाफिया के खिलाफ तहरीर देकर बताया है कि शांति कांस्ट्रक्शन का मालिक दीपक कुमार गुप्ता पुत्र बाबूलाल गुप्ता निवासी सेढू तलैया शहर बांदा ने करीब चार साल पहले उसे एक प्लाट (भूखंड) देने के एवज में डेढ़ लाख रुपए जमा कराए, लेकिन बार-बार कहने के बाद भी अभी तक रजिस्ट्री नहीं कराई और न ही धनराशि वापस की। पीड़ित ने कई बार प्रकरण को लेकर राजस्व विभाग के अफसरों से शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रुपए वापस मांगने पर आरोपी भूमाफिया पीड़ित को गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देता है। सूत्रों की मानें तो दीपक गुप्ता की कई प्लाटिग साइटों पर विकास प्राधिकरण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर चुका है। लेकिन भूमाफिया अपने रसूख की दम पर लंबे समय से प्रशासन के साथ आंख मिचौली का खेल खेल रहा है। हालांकि पीड़ित अभिषेक शुक्ला इसके पहले भी आरोपी से दो प्लाट खरीद चुके हैं और तीसरे प्लांट के लिए डेढ़ लाख रुपए जमा कर रखे थे। जिसको लेकर आरोपी की नियत खराब हो गई और उसने डेढ़ लाख रुपए देने से मना कर दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी भूमाफिया के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

आक्रोश | फौजदारी कानूनों में परिवर्तन को लेकर जारी रहा अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन

# आज आम बैठक में वकील बनाएंगे आंदोलन की अग्रिम रणनीति

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- न्यायिक कार्यों से पूरी तरह विरत रहे अधिवक्ता
- वादकारी मुकदमे की अगली तारीख लेकर लौट गए



क्रमिक अनशन पर बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फौजदारी से संबंधित तीन कानूनों में फेरबदल करने और नए कानूनों को एक जुलाई से लागू करने के फैसले के खिलाफ बांदा अधिवक्ता संघ से फूटी चिंगारी अब शोले का रूप लेती जा रही है। बांदा बार से शुरू हुआ आंदोलन का सिलसिला अब समूचे देश में जोर पकड़ने लगा है। उधर जिला अधिवक्ता संघ ने आंदोलन की अग्रिम रणनीति तैयार करने को लेकर शनिवार को आम सभा की बैठक बुलाई है। शुक्रवार को अधिवक्ता पहले की तरह न्यायिक कार्यों से विरत रहकर क्रमिक अनशन पर डटे रहे।

तीन नए कानूनों को जनविरोधी और न्याय के न्यायसंगत न बताते हुए जिला अधिवक्ता संघ बीते कई दिनों से आंदोलन कर रहा है और क्रमिक अनशन का दौर लगातार जारी है। संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार दीक्षित ने बताया है कि 15 जून से चल रहे आंदोलन को अब चित्रकूटधाम मंडल से लेकर राष्ट्रीय व प्रदेशस्तरीय संगठनों समेत सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता संगठन ने भी समर्थन देने का काम किया है। तीन जनविरोधी कानूनों को लेकर अब समूचे देश में बहस छिड़ गई है और बांदा से उठी आंदोलन की चिंगारी अब व्यापक तौर जनजागरण की राह पर अग्रसर हो चुकी है। ऐसे में आंदोलन की संवेदनशीलता को देखते हुए बांदा बार संघ की अग्रिम भूमिका के निर्धारण को लेकर आम सभा की बैठक बुलाना आवश्यक हो गया है। बार अध्यक्ष अशोक कुमार दीक्षित व संघ महासचिव रामप्रकाश शिवहरे की अगुवाई में 29 जून को आम सभा की बैठक आहूत की गई है और सभी अधिवक्ताओं को आमसभा में शामिल होकर अपने विचार प्रस्तुत करने का आह्वान किया गया है। उधर आंदोलन के क्रम में बार अध्यक्ष श्री दीक्षित की अगुवाई में महासचिव रामप्रकाश शिवहरे, चंद्रशेखर तिवारी शेखर, प्रमोद सिंह मुन्नू, नीरज वर्मा, दिनेश कुमार, बृजेश द्विवेदी, कमलेश प्रसाद अनुरागी, राम सिंह महोखर, प्रशांत कश्यप, रामबिहारी मिश्रा, जौहरीलाल कुशवाहा, दिनेश निगम दद्दा, अशोक त्रिपाठी, मो.असलम खां, सुनील गुप्ता, विमलेश त्रिपाठी, संजय सिंह गौतम, आशीष मिश्रा, हर्षित सिंह, योगीश पुरवार, बुद्धराज प्रजापति, खालिद वाहिद न्याजी, वरुण यादव, गुलाब वर्मा, कालिका प्रसाद गुप्ता, ईश्वरी प्रसाद पटेल, सुरेश कैनियाल ने क्रमिक अनशन को जारी रखा।

### पूर्व सांसद ने सियासी दलों को सौंपा ज्ञापन

उधर अधिवक्ता संघ की लड़ाई लड़ने के लिए सियासी दलों के नेताओं को भी जोड़ने का काम तेज कर दिया गया है। सियासी दलों को आंदोलन से जोड़ने का जिम्मा पूर्व राज्यसभा सांसद, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और बांदा बार संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता विशंभर प्रसाद निषाद ने संभाला है। उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली पहुंचकर समाजवादी पार्टी समेत विभिन्न दलों के नेताओं व सांसदों को अधिवक्ता संघ की मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा और आंदोलन को धार देने में सहयोग करने का आह्वान किया।



दिल्ली में सपा सांसदों को ज्ञापन सौंपते पूर्व सांसद विशंभर प्रसाद निषाद।

पूर्व सांसद ने बताया कि उन्होंने सपा सांसद धर्मेंद्र यादव, नीरज मौर्य, आनंद भदौरिया समेत सीपीआई के सांसदों को ज्ञापन सौंप कर सहयोग मांगा है। उनका यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# डंपर ने बाइक, साइकिल व ट्रैक्टर को टक्कर मारी, तीन लोग घायल

## चालक को भीड़ ने पीटकर पुलिस को सौंपा, कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीडब्ल्यूडी तिराहे के पास एक गिट्टी से लदे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक, व ट्रैक्टर को बारी-बारी से टक्कर मारी। चंपर की टक्कर से तीन लोग गायल हो गए। दुर्घटना के बाद भाग रहे डंपर चालक आसपास के लोगों ने घरकर पकड़ लिया। गुस्साई बीड़ ने चालक की पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। दुर्घटना के बाद डंपर और ट्रैक्टर, बाइक व साइकिल रोड पर होने से जाम की स्थिति पैदा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन दोनो गम्भीर रुप से घायलों को जिला अस्तपाल पहुंचाया, जहां पर बाइक चालक की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कालेज कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।


जिला अस्पताल में लेटा घायल।

शहर के मोहल्ला भटीपुरा निवासी आसिफ उर्फ आशु (25) पुत्र उमर खान (मिस्टर) घर से बाइक द्वारा डाकबंगला की तरफ हाईवे से आ रहा था। तभी पीडब्ल्यूडी तिराहे के पास गिट्टी भरकर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद असंतुलित डंपर चालक ने किराने का सामान साइकिल लेकर अपने गांव जा रहे चितहरी निवासी शिवप्रसाद (50) को टक्कर मार दी, जिससे वह भी सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया।


दुर्घटना के बाद मौके पर खड़ी पुलिस। अमृत विचार

दुर्घटना के बाद तेज रफ्तार से भाग रहे डंपर चालक ने घटनास्थल से पचास कदम आगे पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर सवार ग्रामीण को मामूली चोट आई।

इसी बीच आसपास के दुकानदारों ने डंपर चालक को नीचे उतार लिया। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस और भटीपुरा चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और बाइक व साइकिल सवार घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर आसिफ की हालत गम्भीर बनी हुई है। डाक्टरों ने आसिफ के सिर पर गंभीर चोट आने के कारण हेडइंजरी बताते हुए उसे मेडिकल कालेज कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जबकि साइकिल सवार की हालत में कुछ सुधार होने पर जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। डंपर और बाइक सवार के बीच हुई दुर्घटना की खबर मिलते ही जिला अस्पताल में घायलों के रिश्तेदारों और मोहल्ले वासियों की भीड़ जमा हो गई। घटना के बाद वाहनों के सड़क पर खड़े होने से आधे घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा।

### पुलिस की सक्रियता के चलते बची गम्भीर घायल की जान

शहर के पीडब्ल्यूडी तिराहे पर डंपर की टक्कर से गम्भीर रुप से घायल हुए दो वाहन चालकों को पुलिस ने समय से अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचा ली। डाक्टरों का कहना है कि बुरी तरह घायल बाइक चालक को समय से प्राथमिक उपचार मिल जाने के कारण अब वह मेडिकल कालेज कानुपर आराम से पहुंच सकेगा। सूचना पर पुलिस भी दुर्घटना के दस मिनट बाद पहुंच गई। पुलिस ने अपनी गाड़ी में दोनो घायलों को लादकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जबकि ट्रैक्टर सवार को मामूली चोटे आने पर वह बिना उपचार कराए घर चला गया।

# वर्षा, वज्रपात से अलर्ट करेंगे एप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- डीएम ने जनसामान्य से एप डाउनलोड करने की दी सलाह
- दामिनी व सवेत एप बनेंगे जान माल बचाने में मददगीर

**अमृत विचार।** मौसम विभाग द्वारा जनपद में 29 जून से 1 जुलाई तक बरसात और वज्रपात होने की चेतावनी जारी की गई है। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने, वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं, जिससे जनहानि एवं पशुहानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाएं प्रायः होती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि आकाशीय बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाए। ताकि वज्रपात से होने वाली जनहानि से बचा जा सके।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा है कि जनसामान्य अपने मोबाइल में मौसम विज्ञान विभाग भारत सरकार द्वारा विकसित दामिनी एप एवं सचेत एप डाउनलोड करें। दामिनी एप लगभग 20 से 40 किमी के क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन प्रेषित करता है जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा बचाव का अवसर




प्राप्त हो सकेगा। इसलिए स्वयं के मोबाइल में दामिनी एप डाउनलोड करने के साथ ही जनसामान्य को भी इस अति उपयोगी दामिनी एप के बारे में बताएं जिससे वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। वज्रपात से होने वाली क्षतियों को न्यूनीकृत किया जा सके। मौसम की पूर्ण जानकारी हेतु सचेत एप डाउनलोड करें, जिससे मौसम की जानकारी एवं विभिन्न आपदाओं की जानकारी व एडवाइजरी भी प्राप्त हो सके तथा चेतावनी मिलती रहे।

जिला आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह ने जनसामान्य को बचाव के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि वज्रपात से बचने के लिए पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण न लें। बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, लैंडलाइन एवं बिजली के उपकरणों का उपयोग न करें, खुले वाहनों मे सवारी न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें।

जिलाधिकारी ने कहा यदि मौसम खराब हो तो तुरन्त किसी पक्के घर में शरण लें, आसपास सुरक्षित स्थान न होने पर दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकड़ू बैठ जाएं। घरों में विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। यदि खेतों में हैं तो फौरन सूखे स्थान पर चल जाएं। हाईटेंशन तारों, पोखरों, बिजली के खंभों तथा कटीले तारों से दूर रहें। उन्होंने बताया कि वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है।

# दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- गोताखोरों ने एक घंटे बाद शव तालाब से बाहर निकाला

**अमृत विचार।** खेत तालाब योजना के तहत सिजहरी गांव में एक किमी दूर गांव से बाहर खेत में खोदा गया बीस फिट गहरे तालाब में नहाने गए चार युवकों में से एक युवक गहराई में काफी नीचे चला गया। उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। साथी के काफी देर तक पानी के ऊपर न आने पर दोस्तों ने तालाब से बाहर निकलकर गांव जाकर युवक के डूबने की सूचना दी, जिससे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। युवक के डूबने की सूचना पर पुलिस भी तालाब पहुंच गई। पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों की एक घंटे की मशक्कत के बाद युवक का शव तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा गया।

घटना थाना श्रीनगर के ग्राम सिजहरी की है। जहां पर सिजहरी निवासी कालीचरन का 18 वर्षीय पुत्र देवेंद्र अपने तीन साथियों के साथ गांव से एक किमी0 दूर खेत में बने तालाब में नहाने गया था। देवेंद्र तालाब के अंदर तैर रहा था, जबकि अन्य साथी तालाब में कूद कूदकर नहा रहे थे, उसी समय एक युवक कूदकर अपने साथी के ऊपर गिरा जिससे तालाब में नहा रहा युवक नीचे तलहटी में चला गया। काफी देर तक उसके ऊपर न आने पर साथी खबरा गए और चीख पुकार मचाते हुए गांव पहुंचकर ग्रामीणों को देवेंद्र के पानी में डूब जाने की सूचना दी। युवक के तालाब में डूबने की खबर मिलते ही ग्रामीण तालाब में तेज रफ्तार से पहुंच गए, इसके बाद ग्रामीण डूबे युवक की तलाश में जुट गए, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गोदाखोरो व ग्रामीणों की मदद से एक घंटे की मशक्कत के बाद युवक के शव को बाहर निकालकर पुलिस ने पंचनामा भरा। तालाब पहुंचे मृतक के परिजन शव को देखते ही दहाड़े मारकर रोने लगे, जिससे माहौल गमगीन हो गया। मृतक का पिता दिल्ली में मजदूरी करता है। मृतक के पिता को भी सूचना दी गई, लेकिन रात आठ बजे तक पिता दिल्ली से गांव नहीं लौट सका था।

# अवैध शराब के साथ दो ग्रामीणों को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। थाना खन्ना पुलिस टीम ने एक ग्रामीण को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से अराजकतत्वों व अवैध शराब बिक्री करने वालों में हड़कम्प मचा हुआ है।

थाना खन्ना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम बहिंगा के दो ग्रामीण अवैध शराब लेकर जा रहा है, जिस पर आबकारी इंस्पेक्टर व थाना खन्ना पुलिस मौके पर पहुंच गई और अभियुक्त पप्पू दुबे व जगनंदन दुबे निवासी बहिंगा को पकड़ लिया और तलाशी लेने पर उसके पास से एक थैले से कच्ची शराब के 20 पाउच बरामद किए गए। पुलिस अभियुक्त को थाने लाई और उनके खिलाफ अभियोग दर्ज करते हुए आवश्यक की गई।

# बच्चों को शिक्षित बनाने पर दिया गया जोर

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा

**अमृत विचार।** आल इंडिया मंसूरी समाज की जिला स्तरीय बैठक जैतपुर के एक पैलेस में जिलाध्यक्ष राका मंसूरी खरेला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पिछले माह हुए मसूंरी समाज के शादी सम्मेलन का आय व्यय ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाए जाने पर जोर दिया गया साथ ही समाज के बच्चों को शिक्षित बनाए जाने का आह्वान किया गया।

बैठक में बीते दिनों मंसूरी समाज के आयोजित शादी सम्मेलन के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसमें खर्चा काटकर शेष बची धनराशि को फंड में जमा कराई गई। साथ ही शादी सम्मेलन में कार्य करने वाले बच्चों को फूल माला व गिफ्ट से सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया गया।

जैतपुर ब्लाक कमेटी का गठन करते हुए अब्दुल हमीद को जैतपुर


जैतपुर में मंसूरी समाज की बैठक। अमृत विचार

- मंसूरी समाज की जैतपुर में जिलास्तरीय बैठक

ब्लाक अध्यक्ष, नबी अहमद नगर अध्यक्ष जैतपुर, अफजाल मंसूरी महासचिव जैतपुर, नगर अध्यक्ष खरेला हनीफ मंसूरी, ब्लाक अध्यक्ष कबरई रऊफ मंसूरी, ब्लाक महासचिव राजू मंसूरी पूर्व प्रधान लिलवाही, नगर अध्यक्ष चरखारी हनीफ मंसूरी को सर्वसम्मति से बनाया गया। उन्हें जिम्मेदारियां दी गईं सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने एक दूसरे को फूलमाला पहनाकर मुबारकबाद दी।

मंसूरी समाज को शिक्षित करने और उनकी समस्याओं को लेकर ईमानदारी से कार्य करने की बात कही है। इस अवसर पर सम्मेलन के अध्यक्ष शकील मंसूरी, रहीम बक्स मंसूरी, यासीन मंसूरी महोबा, पूर्व जिलाध्यक्ष हाजी आजाद मंसूरी, पूर्व जिलाध्यक्ष अकबर मंसूरी, मंडल उपाध्यक्ष जावेद मंसूरी, मुन्ना मंसूरी, जिला अध्यक्ष पसमांदा मुस्लिम समाज अंसार मंसूरी आदि समाज के जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।

### जिला इकाई का गठन

बैठक में जिला स्तरीय कार्यकारिणी एवं ब्लाक अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें जिला महासचिव शब्बीर मंसूरी, जिला कोषाध्यक्ष करीम बख्श को बनाया गया। जिला मीडिया सलाहकार इलयास अहमद कुलपहाड़ व अकबर मंसूरी सुगिरा को पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शरीफ बख्स सुगिरा, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना जरोखर, उजीर पिपरी, फैयाज अकठौहा, इमाम बक्स कुलपहाड़ चुने गए। संयुक्त सचिव शहजाद मंसूरी धवर्रा, जिला सचिव मफत कमाल, इदरीस, अनीस, अंसार, प्यार मोहम्मद, आसिफ, हुसैन मंसूरी, वहीद जैतपुर, शाकिर जैतपुर को बनाया गया। इसी प्रकार जिला संगठन मंत्री दिलावर सतारी, मोहम्मद सगीर लम्बरदार, हलीम मझलवारा को बनाया गया। जबकि कानूनी सलाहकार पद पर गुलाम एडवोकेट धवर्रा तथा इदरीश को सर्वसम्मति से चुना गया। साथ ही दीनी मामलों की जिम्मेदारी हाफिज मोहम्मद कासिम व बशीर निजामी को सौंपी गई।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- हत्या का आरोप, मृतका की मां ने थाना लवकुश नगर में दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय से दस किमी दूर ग्राम इटवां में एक युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न करने पर उसकी गला दबाकर हत्या करने के बाद शव का फांसी पर लटका दिया। मृतका की मां ने घटना की तहरीर थाना लवकुश नगर में पति सहित चार लोगों के खिलाफ दे दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई।

कस्बा चरखारी के मोहल्ला नजरबाग निवासी सुम्ता पत्नी स्व. रामाधार ने अपनी बेटी रचना की शादी छह साल पहले जनपद छतरपुर के थाना लवकुश नगर के ग्राम इटवां के एक युवक के साथ की थी। तहरी में बताया कि शादी के बाद से ससुरालीजन दहेज की मांग पूरी न करने पर आएदिन बेटी को प्रताड़ित करते थे। इसकी जानकारी बेटी ने अपनी मां को दी थी, मां ने धीरे धीरे सबकुछ ठीक होने की बात कहकर सुसराल भेज दिया था। इसके बाद ससुरालजन बहू को बीमारी का बहाना बनाकर नींद की गोलियां खिला रहे थे। 27 जून को ससुरालीजन बहू को बीजानगर में एक तंत्रमंत्र वाले के यहां दिखाने ले गए, इसके बाद उसे वापस घर ले गए।

# केंद्र प्रभारी की गिरफ्तारी न होने से किसान नाराज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा

**अमृत विचार।** कुलपहाड़ तहसील की अजनर मंडी में संचालित पीसीएफ केंद्र पर किसानों का माल न खरीदकर हजारो क्विंटल मसूर व सरसों व्यापारियों से खरीदे जाने के बाद किसानों ने प्रदर्शन कर केद्र प्रभारी के खिलाफ एफआईआर कराई गई थी। साथ ही अन्य आधा दर्जन कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज होनी थी लेकिन उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई दूर उनसे पूछतांछ की गई। इससे नाराज एक दर्जन किसानों ने भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने ज्ञापन में बताया कि जिले में कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भ्रष्टाचार की सारी हदे पार कर दी है और कुछ अधिकारियों को नेताओं का संरक्षण भी प्राप्त है, जिससे सरकारी खरीद केंद्रों पर किसानों का शोषण और व्यापारियो का माल खरीदने में केंद्र प्रभारी रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा ही एक मामला कुलपहाड़ तहसील के अजनर मंडी में संचालित पीसीएफ केंद्र पर शुरु से ही चल रहा। यहां हजारों क्विंटल मसूर व सरसो की फसल मध्यप्रदेश के नौगांव के व्यापारियों से खरीदी गई, जिस पर किसानों ने यूनियन को अपनी समस्या से अवगत कराया और 1 जून को रात आठ बजे नौगांव व्यापारियों का माल लेकर अए एक ट्रैक्टर को किसानों ने पकड़ने का प्रयास किया। शिकायत की गईतो केंद्र प्रभारी को सूचना दे दी, जिस पर ट्रैक्टर फरार हो गया, लेकिन माल केंद्र से बरामद हो गया, जिस पर किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने उसी रात से अनिश्चितकालीन धरना शुरु कर दिया।


अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष ने बताया कि सभी किसान अजनर 46 डिग्री की गर्मी को झेलते हुए धरना चालू रखा, लेकिन एक दिन भी किसी भी अधिकारी ने धरनास्थल पर आने की जहमत नहीं उठाई। पांच जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह सोलकी धरना स्थल पर आए और उसके बाद जिला प्रबंधक ने केंद्र प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

# बिजली केबिल जलने से दो दिन से बिजली गुल

संवाददाता, पनवाड़ी-महोबा

- कस्बावासी उमस भरी गर्मी से रहे जूझ

अमृत विचार। कस्बे के पुराने जर्जर तारों को बदलने का कार्य चलने से उपभोक्ताओं को सारा दिन बिजली नसीब नहीं हुई और जब तार बदलकर लाइन को चालू किया तो बिजली लोड अधिक होने की वजह से बदली गई बिजली केबिल धूं धूंकर जल गई और फाल्ट हो गया, जिससे गुरुवार और शुक्रवार दो दिन तक कस्बा वासियों को बिना बिजली के गुजारना पड़ा। बिजली न आने से कूलर पंखे न चलने से लोगो को उमस भरी गर्मी से जूझना पडा।

कस्बे के 33 विधुत सब स्टेशन के टाउन मे जीर्ण शीर्ण विधुत तारो को हटा नई बिजली केबिल डालने का कार्य ठेकेदार द्धारा किया जा रहा। जिसके चलते गुरुवार को जर्जर तारों को बदलने का काम किया, जिस कारण कस्बे के मैन बाजार मे दिन भर विधुत सप्लाई बन्द कर पुराने तारो को हटा नवीन विधुत कैबिल डालने का कार्य चलता रहा ऐसी भीषण एवं उमस भरी गर्मी मे भी उपभोक्ताओ ने धेर्य रखे रहे और शाम तक कैबिल डालने का कार्य पूर्ण होने पर जैसे ही सप्लाई छोडी गयी विधुत भार अधिक होने के परिणाम स्वरुप कैबिल मे फाल्ट आने पर आग लग गयी।बदली गई बिजली केबिल में आग लगते ही जल गयी।पूरी रात आधा कस्बे के बाशिंदे बिजली सप्लाई से वंचित रहना पड़ा।

धूमधाम के साथ मनाया गया

हजरत मुश्किल कुशा चिश्ती के सालाना उर्स में बच्चों ने कुरान पढ़ी

# चादर जुलूस व फातिहा के बाद अकीदतमंदों ने मांगी दुआएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** हजरत मुश्किल कुशा चिश्ती का सालाना उर्स अकीदतमंदों ने धूमधाम से मनाया। मुस्लिम भाईयों ने गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे चादर जुलूस निकाला और मजार ए अकदस पहुंचकर फातिहा के बाद दुआएं की और मन्नतें मांगी। फातिहा के बाद बुलंद आवाज में अकीदमंदों ने सलाम पढ़ा। उर्स के दिन फजर नमाज के बाद कुरान ख्वानी हुई, जिसमें मदरसों के बच्चों ने कुरान पढ़ा। बाद में शहर काजी सैयद आफाक हुसैन ने यासीन शरीफ के बाद फातिहा पढ़ी। उर्स के मौके पर मजार कमेटी द्वारा कव्वाली का आयोजन भी किया गया, लोगों ने कव्वाली का देर रात तक लुफ्त उठाया।


चादर जुलूस निकालते अकीदतमंद। अमृत विचार


नातिया कलाम पेश करते कव्वाल। अमृत विचार

शहर के मोहल्ला नयापुरा नैकाना में शुक्रवारी बाजार के समीप हजरत मुश्किल कुशा चिश्ती बाबा का मजार स्थित है। जहां पर अकीदमंदों द्वारा धूमधाम और जोशो खरोश के सालाना उर्स मनाया गया। मजार कमेटी द्वारा उर्स की तैयारियों को लेकर पिछले कुछ दिनों से मजार की रंगाई पुताई और परिसर की साफ सफाई कर की जा रही थी साथ ही बिजली की बेहतरीन सजावट कर मजार परिसर को रोशनी में सराबोर किया गया। गुरुवार को बाद नमाज इशा के मोहल्ले के इशहाक साहब के घर से चादर जुलूस निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मजार ए अकदस पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस दौरान डीजे में नातिया कलाम बजाए जा रहे थे। जुलूस के आगे आगे रब्बी ढोल की धुन पर घोड़े नृत्य करते चल रहे थे और पीछे डीजे और लोग चादर लिए चल रहे थे, सबसे पीछे महिलाएं खामोशी अख्तियार किए आगे की तरफ बढ़ रही थी। जुलूस के बाद मजार का संदल शुरु और इसके बाद अकीदमंदों ने अकीदत के साथ मजार पर चादर चढ़ाते हुए दुआएं और मन्नते मानी। उर्स के मौके पर मजार कमेटी के मु.बिलाल, मोहम्मद वारिस, हसीम, रिन्कू, जहांगीर, अशहर व लोगों द्वारा लंगर का इंतजाम किया गया, जिसमें बिरियानी, पुलाव, जर्दा, दालचा सहित अन्य तबर्रुख का इंतजाम किया गया और आए हुए लोगों को तबर्रुख वितरित किया गया। हाफिज शाह-ए-आलम द्वारा तकरीर की गई।

मौलाना ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत मोहम्मद साहब सल्लाहु अलैहि वसल्लम इस दुनिया में उस वक्त तशरीफ लाए थे, जब दुनिया में अंधेरा ही अंधेरा था, लेकिन आपने अल्लाह के हुक्म से इस दुनिया को नूर से भर दिया। औरत, गुलाम, मां बाप, औलाद यहां तक कि जानवरों के अधिकार बताए। रात दस बजे से कव्वाल मुईन निजामी द्वारा कव्वाली सुनाई गई। उनके नातिया कलाम सुन उपस्थित लोग बीच बीच में मदहोश हो गए सुभानल्लाह करते हुए कव्वाल से मुसाफा करने पहुंच जाते।

# चकरोड बंद होने से खेत नहीं पहुंच पा रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- एसडीएम ने चकरोड खुलवाने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार।** कस्बा खरेला में एक दबंग द्वारा चकरोड बंद कर दिए जाने ग्रामीण को अपने घरों तक आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है साथ ही किसान अपने खेतों में जुताई बुवाई करने के लिए नहीं जा पा रहे है। एक दर्जन ग्रामीणों उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार को शिकायती पत्र देकर चकरोड कोखुलवाए जाने की मांग की है, जिससे उन्हें आवागमन में परेशान न उठानी पड़े।

उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में उदयभान, गीता, पिंकी, रामकली, प्रेम आदि ग्रामीणों ने बताया कि कस्बे के चरखारी मुस्करा मार्ग पर पावर हाउस के समीप करीब चार किमी0 लम्बा चकरोड चंकबंदी के समय से है, जिससे किसानों का घरों और खेतों में आने जाने के लिए इस मार्ग से होता है।

बताया कि गांव के एक दबंग द्वारा चकरोड में एक किमी0 दूरी पर बनी सरकारी पुलिया को अपनी मीन पर बना होने की बात कहते हुए चकरोड पर बंधी बनाकर रोड बंद कर दी, जिससे करीब एक दर्जन ग्रामीण खेतों तक जुताई बुवाई करने के लिए नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसी चकरोड बंद में कई आवास भी बने हुए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि खरीफ फसल के लिए उन्हें खेतों में जुताई बुवाई के ट्रैक्टर व कृषि यंत्र ले जाना पड़ता है, लेकिन चकरोड बंद हो जाने से उन्हें दिक्कत है।

# एसपी ने परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा द्वारा शुक्रवार की परेड, पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। शुक्रवार को साप्ताहिक पुलिस परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवाई। इसके साथ ही एसपी ने यूपी 112 पीआरवी चार पहिया वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरण व अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साप्ताहिक शुक्रवार की परेड के दौरान शस्त्र अभ्यास कराया गया। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने आदेश कक्ष में संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया।

## एक नजर

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर घायल

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के कुरारा मनकी मार्ग में बाइक अनियंत्रित होने से 34 वर्षीय युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है। जनपद कानपुर देहात के थाना पुखरायां के अकबरपुर गांव निवासी वीरेंद्र (34) पुत्र मन्नालाल अपने एक साथी के साथ बाइक से कुरारा मनकी मार्ग से अपने गांव के लिए जा रहा था तभी सिवनी गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से बीरेंद्र गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उसका साथी एंबुलेंस से आनन फानन स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए लेकर आया जहां चिकित्सक घायल का प्राथमिक उपचार कर रहे है।

### गरीब शाह दाता रहमतुल्ला का सालाना उर्स मनाया

मौदहा(हमीरपुर)। कस्बे के कुम्हरौडा मोहल्ला स्थित हजरत गरीब शाह दाता रहमतुल्ला का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। उर्स में दिनभर लंगर चलने के साथ ही देर रात तक इसके शुरू रहने का दावा आयोजक समिति ने किया है। गरीब शाह दाता एक सिद्ध संत थे उनकी यहां बड़ी गद्दी थी। आस्थावान लोग मिन्नतें भी मानते हैं। शुक्रवार को सुबह से उनके उर्स का लंगर मोहल्ले वालों के सहयोग से शुरू हुआ। खास बात यह है कि इसमें सभी लोग अपना अपना सहयोग करते हैं।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के गुलाब नगर मोहल्ले में करंट की चपेट में आने से 50 वर्षीय एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक महिला के परिवार में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार कस्बे के गुलाब नगर इलाके की निवासी महिला सुधा (50) पत्नी बृजेंद्र सिंह को संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अचानक करंट लग गया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे लोग अचेत महिला सुधा को तत्काल कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक अखिलेश कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### मंदिर के पास खुले देशी शराब के ठेका को हटाने की मांग

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के टोडरपुर गांव में मंदिर के पास देशी शराब ठेका होने पर ग्राम प्रधान के नेतृत्व में एक दर्जन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मंदिर के पास से देशी शराब ठेका हटवाने की मांग की है। क्षेत्र के टोडरपुर गांव के ग्राम प्रधान शकुंतला देवी ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि बजरंगबली मंदिर के पास देशी शराब ठेका होने से मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। जिससे गांव के ग्रामीणों में देशी शराब ठेका को लेकर आक्रोश पनप रहा है। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में एक दर्जन लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर देशी शराब ठेका मंदिर के पास से हटवाने की मांग की है। ज्ञापन देने के समय कृष्ण कुमार कुशवाहा, दीपक कुमार आदि गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

### कुकर्म के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सुमेरपुर(हमीरपुर)। क्षेत्र के एक गांव में खेलते समय किशोर के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम देने वाले के खिलाफ पुलिस ने जांच के बाद पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। मुकदमा दर्ज होने के पूर्व ही आरोपी गांव से फरार हो गया है। मौहर गांव निवासी छोटेलाल निषाद ने पड़ोस में एक किशोर को खेत में खेलते समय बहला फुसलाकर सिजाहा नाला में ले जाकर कुकर्म की घटना को अंजाम देकर लहुलुहान कर दिया था। किशोर के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी की तलाश हो रही है, जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लेखपाल तैयार करेंगे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**फार्मर रजिस्ट्री में निम्न बिंदुओं पर भरी जाएगी सूचना**

- कृषक का नाम, पिता का नाम, मोबाइल नंबर, आधार संख्या का अन्तिम चार डिजिट, सहमति का विवरण, राजस्व ग्राम का नाम (एलजीडी कोड सहित), तहसील, जनपद, खसरा व गाटा संख्या, क्षेत्रफल, अंश निर्धारण, पीएम किसान का स्टेटस।

- पूरे जुलाई गांवों में सर्वे कर किसानों का भरेंगे पोर्टल पर डाटा

> जिस किसान की फार्मर रजिस्ट्री तैयार नहीं होगी, उसे पीएम किसान योजना की अगली किस्त प्राप्त नहीं होगी। किसानों से अपील है अपने लेखपाल से संपर्क कर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराएं। ताकि पीएम किसान एवं अन्य योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।
>
> **हरिशंकर, कृषि उप निदेशक**



अमृत विचार। कृषि विभाग एग्रीस्टैक अन्तर्गत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा रहा है। जिसको लेकर एक से 31 जुलाई तक लेखपालों के जरिए सर्वे कर उनका डाटा पोर्टल पर भराएगा। फार्मर रजिस्ट्री होने पर कृषकों को फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड एवं एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड एवं कृषि के विकास जैसे अन्य ऋण लेने में सुगमता होगी। साथ ही फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगी।

इसके साथ आपदा प्रबंधन के अंतर्गत कृषकों को क्षति पूर्ति के लिए कृषकों के चिन्हांकन में सुगमता होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में कृषकों का पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से हो सकेगा।

कृषकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में कृषि एवं संबद्ध विभागों को फार्मर रजिस्ट्री के उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर योजनाओं का लाभ वितरण करने में सुगमता होगी।और लाभार्थी के बार-बार सत्यापन आवश्यक नहीं होगा। कृषकों को समय से वांछित परामर्श, विभिन्न संस्थाओं द्वारा कृषकों से संपर्क के अवसर में वृद्धि के साथ साथ नवोन्मेषी कार्यक्रमों के विस्तार में सफलता प्राप्त होगी।

# बाढ़ से बचाव करने की तैयारी में अभी से जुटे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने बाढ़ से बचाव संबंधी समीक्षा ली। जिसमें पूर्व के बैठकों में दिए गए निर्देशों पर विभागों द्वारा की गई तैयारी की जानकारी ली।

मौदहा बांध के अधिशासी अभियंता ने समस्त संवेदनशील एवं क्षतिग्रस्त बंधों/तटबंधों की मरम्मत कार्य पूर्ण होने का सत्यापन करा लिया जाए। अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने की व्यवस्था की जाए। उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया की बाढ़ से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों/परिवारों को सुरक्षित स्थान एवं राहत कैम्प चिन्हित स्थानों पर किए जाने वाली समस्त आवश्यक व्यवस्था तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी के लिए बाढ़ चौकियों का सत्यापन कर आवश्यक व्यवस्था पूर्ण कराएं। छोटी एवं बड़ी नावों के नाविकों का सत्यापन जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा की जाए। सीएमओ को निर्देश दिए कि बाढ़ के दौरान जीवन रक्षक औषधियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# बिजली कड़कने से 33 केवी लाइन के दर्जनों इंसुलेटर फुंके, आपूर्ति ठप

## बारिश के बीच बिजली की गर्जना ने बरपाया कहर, इंटरनेट व्यवस्था भी धड़ाम हो गई

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। गुरुवार को रात 9:00 बजे बिगड़े मौसम के बाद गुल हुई बिजली के दर्शन 20 घंटे बाद नहीं हो सके। आकाशीय गर्जना के बाद 33 केवी लाइन के ध्वस्त होने से सुमेरपुर द्वितीय, विदोखर व पंप कैनाल सब स्टेशनों की आपूर्ति ठप हो गई। वहीं ब्लॉक कार्यालय में लगे टावर में बिजली का प्रकोप होने से इंटरनेट व्यवस्था धड़ाम हो गई। जिससे कंप्यूटर व सीसीटीवी कैमरे काम करना बंद कर दिया।

गुरुवार को रात करीब 9:00 बजे मौसम में अचानक पलटी मारी और मानसून की पहली बरसात के साथ जमकर बिजली कड़की। बिजली की गर्जना से विद्युत सब स्टेशन सुमेरपुर द्वितीय, विदोखर व पंप कैनाल के लिए गई 33 केवी लाइन के कई इंसुलेटर फुंक गए। इससे इन विद्युत सबस्टेशनों की आपूर्ति पिछले 20 घंटा से बाधित है। आपूर्ति ठप होने से दर्जनों गांव में अंधेरा छाया रहा। शाम 5:00 बजे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी।

उधर विकासखंड कार्यालय में लगा इंटरनेट टावर आकाशीय बिजली के चपेट में आ गया। जिससे ब्लॉक कार्यालय की इंटरनेट व्यवस्था धड़ाम हो गई।

साथ ही कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों के उपकरण फुंक जाने से कैमरे भी ठप हो गए। गांवों में पिछले 20 घंटे से आपूर्ति ठप होने से हाहाकार मच गया। उपखंड अधिकारी एसपी मिश्रा ने बताया की सभी विद्युत स्टेशनों की आपूर्ति बहाल करने के लिए विद्युत कर्मियों की टीम लगी हुई हैं। इंसुलेटर बदलने के का कार्य इस समय चल रहा है। शाम तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।



बिजली के खंभों में इंसुलेटर लगाते विद्युत कर्मी। अमृत विचार



सरीला फीडर में काम करते विद्युत कर्मी। अमृत विचार

### 20 घंटे से कस्बे की विद्युत आपूर्ति ठप, पेयजल का संकट बढ़ा

सरीला (हमीरपुर)। ग्रामीण क्षेत्र नगर के फीडर से जुड़े होने की वजह से कस्बे के लोग बिजली की समस्या से खासे परेशान है। जरा सी हवा चलने व बारिश होते ही बिजली गुल हो जाती है। लगभग बीस घंटे से कस्बे की विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है। भीषण उमस में लोग बेहाल हैं। बूंद बूंद पीने के पानी को तरस रहे हैं। लोगों की मांग के बावजूद विभाग ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग फीडर नहीं बना रहा है। कस्बे में विद्युत पावर व सब स्टेशन होने के बाद भी विद्युत की आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र से भी गई गुजरी है। इसकी वजह कस्बे के फीडर से तीन गांवों को विद्युत की आपूर्ति की जाती है। इन गांवों को गई हाईटेंशन लाइन इतनी जर्जर है कि जरा सी हवा चलने या बारिश होने पर फॉल्ट में आ जाती है। गुरुवार की शाम लगभग 5 बजे से गुल कस्बे की आपूर्ति तड़के 4 बजे मात्र तीन घंटे के लिए बहाल हुई। इसके बाद मशीन में फाल्ट आ जाने से फिर ठप हो गई है। भीषण गर्मी में लोग पीने के पानी तक को तरस रहे हैं। नगर वासियों ने ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति के लिए अलग फीडर बनाने की मांग वर्षों से कर रहे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार अफसरों को इसकी सुध नहीं है।

# गेट लगाने को लेकर 2 पक्षों में हुई मारपीट

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के धनौरा गांव में मकान निर्माण के दौरान गेट लगाने को लेकर हुए विवाद के चलते दो पक्षों की महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हो गई। महिलाओं के बीच होने वाली मारपीट का वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों की महिलाएं जमकर मारपीट कर रही हैं। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

कोतवाली क्षेत्र के धनौरा गांव की कस्तूरी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर का निर्माण कार्य करवा रही थी। निर्माण कार्य के दौरान सार्वजनिक रास्ते की और वह अपने घर का दरवाजा लगवा रही थी तभी उसके पड़ोस में रहने वाली महिला मीरा, सुनीता और कल्लो दरवाजा लगाने को लेकर विरोध करते हुए गाली गलौज करने लगी। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो दबंग महिला मीरा, सुनीता और कल्लो ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। बताया कि उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसकी बहू सोनी पत्नी अंतराम व राममिलन पुत्र अंतराम उसे बचाने के दौड़े तो उक्त सभी लोगों उनके साथ भी गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। बताया कि मारपीट की इस पूरी घटना का वीडियो भी पड़ोसियों ने बनाया है।

## सार-संक्षेप

### दंपति की मौत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट

सरीला(हमीरपुर)। जरिया थाना क्षेत्र में चंडौत गांव के बेतवा नदी पुल के पास बाइक सवार दंपति को मौरंग भरने जा रहे ट्रक ने रौंद दिया था। जिसमें बाइक सवार दंपति की मौत हो गई थी। मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। जनपद जालौन के कहटा गांव निवासी रमाकांत उर्फ लल्ला राजपूत (32) पत्नी गीता (30) के साथ बुधवार को बाइक से ससुराल खेड़ा शिलाजीत गांव जा रहे थे। तभी जरिया थाना क्षेत्र में चंडौत के बेतवा नदी पुल के पास मौरंग खदान की तरफ जा रहे ट्रक ने बाइक सवार पति पत्नी को रौंद दिया था। जिसमें बाइक सवार रमाकांत उर्फ लल्ला की मौके पर मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी गीता की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया था। उरई ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि मृतक के भाई जयपाल की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

### मजदूर ने फांसी लगा की आत्महत्या, कारण पता नहीं चला



रमाकांत।

पौथिया (हमीरपुर)। ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव में एक मजदूर ने अज्ञात कारणों के चलते खेत में लगे बबूल के पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पौथिया गांव निवासी रमाकांत (35) शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे अपने ही खेत में खड़े बबूल के पेड़ में रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। कुछ समय बाद खेतों में कार्य कर रहे लोगों ने देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस व फील्ड यूनिट टीम ने शव को पेड़ से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के छोटे भाई धर्मेन्द्र ने बताया रमाकांत गुरुवार को दिल्ली से आया था। मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना की जानकारी होने पर घटनास्थल पर पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति, प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।



चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र छात्राएं। अमृत विचार

### चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में दिखी प्रतिभा

सरीला(हमीरपुर)। नगर के राजकीय इंटर कॉलेज में भामाशाह जयंती के अवसर पर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक हमीरपुर पवन कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में नगर के राजकीय इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को भामाशाह जयंती पर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 12 का छात्र ईशांत प्रथम, कुमारी प्रिंशी द्वितीय व कक्षा 10 का छात्र अभिषेक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्रा कुमारी मोहनी प्रथम, कक्षा 10 का छात्र पुष्पेंद्र कुमार ने द्वितीय व कक्षा 9 का अमन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता प्रभारी प्रधानाचार्य सत्यवंत विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस मौके पर सहायक अध्यापक राजेंद्र गुप्ता, नंदकिशोर, प्रेमकिशोर, कुंवर बहादुर, अखिलेश, ईश्वरदास मौजूद रहे।

### ठेके से शराब की पेटियों सहित हजारों रुपये चोरी

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में स्थित शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने सरकारी शराब की दुकान में लगे गेट का ताला तोड़कर शराब की पेटियों सहित हजारों रुपये की नकदी चोरी कर वारदात को अंजाम दे डाला। शुक्रवार को सुबह जब सेल्समैन रविन्द्र कुमार दुकान खोलने के लिए गया तो दुकान के गेट पर लगे हुए ताले को टूटा देखकर और दुकान के अंदर बिखरे हुए सामान को देखकर उसके हो उड़ गए। जिसके बाद उसने कोतवाली में चोरी की घटना की तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के पठानपुरा इलाके के निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि वह पठानपुरा इलाके में स्थित देसी शराब की दुकान का सेल्समैन है। बताया कि चोरों ने उसकी शराब की दुकान में धावा बोलकर एवं दुकान के दरवाजे में लगे हुए ताले को तोड़कर वहां पर रखी शराब की पेटियों व गोलक में रखे लगभग 15 हजार रुपये की नकदी ले गए। कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना के बाबत जानकारी मिली है। मौके पर गहनता से जांच पड़ताल कराकर आवश्यक कार्रवाई कराई जा रही है।



रेलवे लाइन पार करते लोग। अमृत विचार

# क्रॉसिंग बंद, अपनी जान जोखिम में डाल रेलवे लाइन पार कर रहे लोग

सुमेरपुर (हमीरपुर)। गुरुवार की रात 9 बजे से आगामी 36 घंटे के लिए बांदा मार्ग की रेलवे क्रॉसिंग का गेट संख्या एस 31 बंद होने से लोग जान हथेली में रखकर रेलवे लाइन पार कर रहे हैं। सुरक्षा के लिए तैनात आरपीएफ एवं जीआरपी मौके से गायब है।

रेलवे लाइन के दोहरीकरण के साथ गेट संख्या एस 31 की मरम्मत के लिए रेलवे की निर्माण इकाई ने बांदा मार्ग की रेलवे क्रॉसिंग को गुरुवार रात 9 बजे से आगामी 36 घंटे के लिए बंद कर रखा है। शुक्रवार को सुबह इस गेट पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। गेट बंद होने के कारण दोपहिया वाहन चालक दूसरे रास्ते से जाने के बजाय जान जोखिम में डालकर रेलवे पटरी पार करते नजर आए। सुरक्षा के लिए तैनात आरपीएफ एवं जीआरपी मौके से नदारद रही।

# 1 शिक्षक, 2 शिक्षामित्रों के सहारे 8 स्कूल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

> 'शिक्षकों की कमी होने के साथ जो शिक्षक स्कूल चलाने के लिए संबद्ध किए गए थे। विभागीय आदेश अनुसार अब वह यहां से हटा दिए गए हैं। जिससे उनके 5 स्कूल अध्यापक विहीन हो गए। किसके लिए उन्होंने कई पत्र लिखे हैं और लगातार बड़े अधिकारियों के संपर्क बनाए हैं। स्कूल खुल गए हैं अध्यापकों की कमी से नगरीय स्कूल नहीं सज सके।'
>
> **राम गोपाल वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी**

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग का सरकार भले ही कायाकल्प करना चाहती हो। लेकिन मौदहा नगरीय क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो रही है। यहां 8 स्कूलों में सिर्फ एक अध्यापक व 2 शिक्षामित्र हैं। चिंता का विषय यह है कि न तो सरकार न जनप्रतिनिधि न ही विभागीय बड़े अधिकारी इस समस्या के प्रति गंभीर दिख रहे हैं। स्कूल खुलने के पहले ही दिन नगरीय क्षेत्र में सरकार की नन्हे मुन्ने के प्रति बने अच्छे पकवान व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से शिक्षा का माहौल धड़ाम रहा। इन स्कूलों में तालाबंदी होने से यहां के नन्हे मुन्ने बच्चों पर कोई ध्यान देने वाला ही नहीं था। भले ही इन समस्याओं के लिए कागज कई सालों से दौड़े जा रहे हों। लेकिन नतीजा शून्य है।

कस्बे में संचालित कुल 8 बेसिक शिक्षा के स्कूलों में मात्र एक शिक्षक मुहम्मद सईद सिद्दीकी और 2 शिक्षामित्र हैं। स्कूलों का कोई निजी भवन ही नहीं है। किराए के एक जर्जर भवन के 2 कमरों में रागौल प्राथमिक व जूनियर, प्राथमिक द्वारकापुरी, सिलौली व फत्तेहपुर 5 विद्यालय चलाए जा रहे हैं। अब स्थिति यह है कि 5 विद्यालयों को मिलाकर 1 विद्यालय बनाए जाने की रणनीति विभाग बना रहा है। इतना ही नहीं यहां लगाए गए ग्रामीण क्षेत्र के अध्यापकों को हटाकर अब नया नियम लागू कर दिया गया। स्थानीय स्तर पर अनुदेशक व बाहरी शिक्षामित्र को स्कूल में ताला खोलने और बच्चों को घेर कर रखने का प्रबंध किए जाने की खिचड़ी पक रही है। प्राथमिक शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए सरकार भले ही नौनिहालों के बैठने का अच्छा प्रबंध कर रही है। कायाकल्प से लेकर कई योजनाएं इसके लिए संचालित की गई है। ठीक इसके विपरीत नगर मौदहा सीमा विस्तार के 3 साल बीत चुके लेकिन यहां के चार विद्यालय अभी भी ग्रामीण क्षेत्र में संचालित है। इनमें अध्यापक भी हैं और भवन भी हैं। इनके नगरी क्षेत्र में मिलने से अन्य अध्यापकों से विभिन्न स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था चलाई जा सकती।

**कानून की जानकारी** — आरोपी को न्यायालय में 24 घंटे के अंदर रिमांड के साथ प्रस्तुत करना होगा

# 24 घंटे से अधिक हिरासत में नहीं रख सकती पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल आनंद कुमार सक्सेना ने बताया कि 24 घंटे से अधिक समय तक पुलिस किसी को भी अपनी हिरासत में नहीं रख सकती है। उसे हर स्थिति में संबंधित आरोपी को न्यायालय में 24 घंटे के अंदर रिमांड के साथ प्रस्तुत करना होगा।



यदि इसका उल्लंघन होता है तो पीड़ित इसकी शिकायत दर्ज कराने व रिमांड पर कानूनी विरोध करने के लिए व न्यायालयों में अपने मुकदमे/जमानत की निशुल्क पैरवी के लिए अधिवक्ता प्राप्त करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में या मोबाइल नंबर 9335760651, 9455625833 में संपर्क कर सकते हैं। इससे संबंधित बैनर/पोस्टर प्रत्येक थाना, जेल व सार्वजनिक स्थानों में लगाए गए हैं।

**पैरवी के लिए पात्र व्यक्ति:** अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के सदस्य, अवैध व्यापार में पीड़ित व्यक्ति, स्त्रियां और बच्चे। दृष्टिहीनता, कुष्ठ रोग, बहरापन, दिमागी कमजोरी आदि से ग्रस्त एवं खानाबदोश। औद्योगिक कामगार, किशोर अपचारी अर्थात 18 वर्ष तक की आयु के बालक। अभिरक्षा में निरुद्ध व्यक्ति।

सुरक्षा गृह, मानसिक अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में संभावित मानसिक रूप से बीमार। ऐसा व्यक्ति जिसकी वार्षिक आय तीन लाख से कम हो।

**विधिक सेवाओं का दायरा**

- एलएडीसीएस मुख्यत: जिले अथवा मुख्यालय में आपराधिक मामलों में विशेष रूप से विधिक सहायता प्रदान करने का कार्य करता है। सभी सत्र न्यायालयों, विशेष न्यायालयों, मजिस्ट्रेट न्यायालयों तथा कार्यकारी न्यायालयों में सभी विविध कार्यों सहित प्रतिनिधित्व, परीक्षण और अपील का संचालन। जिला न्यायालय/कार्यालय में उपस्थित होने वाले व्यक्तियों को उनकी प्रतिरक्षा के लिए विधिक सलाह और सहायता प्रदान करना। नालसा स्कीम के अन्तर्गत गिरफ्तारी से पूर्व अवस्था में विधिक सहायता प्रदान करना। फौजदारी मामलों में गिरफ्तारी पश्चात रिमांड स्तर पर, जमानत, विचारण तथा अपील दाखिल करने के लिए।



हाईवे में खड़ा क्षतिग्रस्त डंपर। अमृत विचार

# डंपर की आमने-सामने भिड़ंत

सुमेरपुर(हमीरपुर)। नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह कस्बे के अंदर दो डंपर आमने-सामने भिड़ जाने से यातायात प्रभावित हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हाईवे की पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन की सहायता से डंपरों को हटवाकर एक घंटे बाद यातायात बहाल कराया।

शुक्रवार को सुबह हाईवे पर कस्बे के अंदर शिवानी पैलेस के पास दो डंपर आमने-सामने टकरा गए। इससे हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हाईवे की पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को किनारे कर यातायात बहाल कराया। घटना में दोनों वाहनों के चालक बच गए। इस दौरान हाईवे पर एक घंटे यातायात बाधित रहा।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक कु0उ0म0स0/सफाई पत्रा0/2024–25/16 दिनांक 27.06.2024

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण व्यक्तियों / श्रम विभाग से पंजीकृत सफाई ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कुरारा हमीरपुर के नवीन मण्डी रथल की साफ–सफाई हेतु निविदायें आमन्त्रित की जाती है, जो भी व्यक्ति / ठेकेदार निविदायें प्रेषित करना चाहतें हैं. वह व्यक्ति रू0–590.00 (जी0एस0टी0 सहित) समिति कार्यालय में जमाकर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकतें है, निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि–18.07.2024 तक होगी। निविदा सील बंद लिफाफे में बंद कर दिनांक 19.07. 2024 तक समय 11 बजे सुबह तक प्रत्येक दशा में कार्यालय में प्राप्त किये जायेगें तथा दिनांक 19.07.2024 को उपरान्ह समय 03.00 बजे उपजिलाधिकारी / सभापति, कृषि उत्पादन मण्डी समिति कुरारा द्वारा निविदायें खोली जायेगी, उक्त तिथि के पश्चात कोई निविदायें प्राप्त नहीं की जायेगी, निविदा कार्यकाल दिनांक 01.07.2024 से 31.03.2025 तक होगा। सफाई की शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी व पढी जा सकती है जो कार्यालय बोर्ड में भी चस्पा है।

| कार्य का विवरण | समिति का मासिक स्टीमेट | कार्यावधि | जमानत | विशेष |
|---|---|---|---|---|
| ठेकेदार द्वारा स्वयं के संसाधनों द्वारा नवीन मण्डी स्थल कुरारा के अन्दर समस्त भू–भाग की सफाई भवनों, गोदाम, दुकानें, नालियों की सफाई एवं घास फूस के साथ–साथ झॉडी झखाड़ की कटाई का कार्य कराना एवं निकाले हुए कूडे को मण्डी स्थल के खाली जगहों में डालना अथवा अन्यत्र स्थान पर फेकनें का कार्य कराना। | रू0 37120/– प्रति माह जी0 एस0टी– अलग से देय | कार्यदेश के अनुसार दिनांक 1.07.2024 से 31.03.2025 तक | रू0 40000.00/– डाकघर प्रतिभूति की अथवा बैंक एफ0डी0आर0 जो सचिव मण्डी समिति कुरारा के पक्ष में बंधक हो। | 1– जमानत के प्रमाण पत्र स्वरूप जमानत का मूल प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। 2– आयकर पैन नम्बर की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। |

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति कुरारा (हमीरपुर)

उपजिलाधिकारी / सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति कुरारा (हमीरपुर)

## एक नजर

### पुलिस ने शांति भंग में किया चालान

**जालौन।** शराब पीकर भाभी के साथ गाली गलौज तथा मारपीट करने वाले देवर का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया। सहाव नाका निवासी राजरानी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसका देवर नशे में धुत होकर आए दिन गाली गलौज कर अभद्रता करता है ,शुक्रवार को उसने शराब के नशे में धुत होकर गाली देना शुरू कर दिया जब हमने उसे गाली देने से मना किया तो उसने मेरे साथ मारपीट कर दी पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।

### फल विक्रेता को राइफल दिखाकर धमकाया

**उरई।** फल विक्रेता को लाइसेंसी राइफल से धमकाने के मामले में आरोपी को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। उरई शहर की कोतवाली से चांद कदम दूर शहीद भगत सिंह चौराहे पर फल खरीददते समय हाथ ठिलिया फल विक्रेता से मोल भाव को लेकर कहा सुनी हो गई, जिससे फल खरीदने वाला युवक पिंटू दुबे घर से पिता की लाइसेंसी राइफल उठाकर फल विक्रेता के पास लेकर आ गया और रंग बाजी में फल विक्रेता से गाली गलौज करने लगा, जिस पर पुलिस ने युवक पिंटू दुबे को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है और राइफल जमा कराकर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

### सामान लेने गये युवक की बाइक चोरी

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला गांधी नगर निवासी एक व्यक्ति बाइक से सवार होकर दुकान से सामान खरीदने गया इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात बदमाश मौका पाते ही बाइक को चोरी कर ले गये। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर पुलिस को दी है। शहर के मुहल्ला गांधी नगर निवासी जितेन्द्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया है कि वह इंद्रानगर का निवासी है कल गुरुवार को शाम 6 बजे दुकान पर सामान खरीदने के लिए गया था तथा मोटर साइकिल खड़ी कर दी । इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल को चोरी कर ले गया है।

### 51 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 51 वाहनों का चालान करते हुए दो वाहनों से 15 सौ रुपये का शमन शुल्क वसूला है।

### महिला के साथ की मारपीट

**जालौन।** मोहल्ले के ही युवक द्वारा पत्नी के साथ गाली गलौज तथा मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़िता के पति ने कोतवाली में की तो पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। मोहल्ला तोपखाना निवासी इरशाद ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पत्नी खुशबू के साथ मोहल्ले के ही आसिफ पुत्र यूसुफ ने गाली गलौज तथा मारपीट की, पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की।

### महिला को जहरीले कीड़े ने काटा ,भर्ती

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी फूलमती ( 50) शुक्रवार की दोहपहर घर पर काम कर रही थी। तभी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत खराब होने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# जिलाधिकारी ने पेयजल योजना की देखी प्रगति रिपोर्ट , दिए निर्देश

## पत्योरा से जुड़े 131 गांवों में 47940 व हरौलीपुर के 165 गांव में 53368 नलों के कनेक्शन का दावा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी राहुल पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन की हरौलीपुर एवं पत्योरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। पत्योरा योजना से जुड़े 131 गांवों में 47940 व हरौलीपुर के 165 गांवों में 53368 नल संयोजन का कार्य हुआ है। जिलाधिकारी ने योजनाओं के विभिन्न कंपोनेंट में शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पाइप लाइन डालने के पश्चात टेस्टिंग कार्य पूर्ण कर क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण करें।

क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण होने पर हर घर जल प्रमाणन का कार्य तेजी के साथ किया जाए। सभी संबंधित गांवों में शत प्रतिशत डोर टू डोर पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। जिन गांवों में कार्य हो चुके हैं वहां पर रोस्टर के अनुसार पेयजल सप्लाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा आईएसए के अंतर्गत जल जीवन मिशन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए तथा जल संरक्षण के बारे में प्रोत्साहित किया जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्य को पूर्ण कर जल्द से जल्द पेयजल की सप्लाई का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के निर्देश दिए। पत्योरा योजना से जुड़े 131 गांवों में 47940 व हरौलीपुर के 165 गांवों में 53368 नल संयोजन का कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में आंशिक रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। अभिलंब कार्य पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें।

जिन ग्रामों में टूटी सीसी सड़कों से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है वहां मरम्मत कराएं। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया कि मरम्मत का कार्य पूर्ण करने का सत्यापन कराएं। कार्य अपूर्ण मिलने पर संबंधित फर्म के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत राठ, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), अधिशासी अभियंता वि/या, एई एवं जेई कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ठेकेदार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## मिट्टी खनन करते पकड़ी गई तीन जेसीबी

**बिंदकी।** रात में हो रही मिट्टी खनन की जानकारी मिलने पर उप जिलाधिकारी तथा नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीन अलग-अलग स्थान में मिट्टी खनन करते समय तीन जेसीबी पकड़ी। जिनको पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इस बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

गुरुवार की रात को बकेवर थाना क्षेत्र के पधारा गांव में मिट्टी खनन का काम चल रहा था। जिस पर उप जिलाधिकारी अभिनित कुमार तथा नायब तहसीलदार अमरेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। मिट्टी खनन करते समय एक जेसीबी को पकड़ लिया गया। पकड़ी गई जेसीबी को अधिकारियों ने बकेवर थाना परिसर में खड़ा कर दिया। इसी प्रकार अधिकारी थाना कल्यानपुर क्षेत्र के कंशपुर गुगौली गांव में मिट्टी खनन का काम चल रहा था। जिस पर दोनों अधिकारियों ने एक जेसीबी पकड़ी। थाना कल्यानपुर क्षेत्र के मुरादीपुर गांव में रात को मिट्टी खनन का काम चल रहा था यहां पर भी एसडीएम तथा नायब तहसीलदार ने एक जेसीबी को पकड़ लिया मुरादीपुर तथा कंशपुर गुगौली गांव से पकड़ी गई दो जेसीबी थाना कल्याणपुर परिसर में खड़ा कर दी गई।

# सड़क चौड़ीकरण में बाधा बने पेड़ों को किया शिफ्ट

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



पेड़ को शिफ्ट कराते कर्मचारी।

- आधी रात तक चलता रहा पेड़ों की शिफ्टिंग का कार्य
- ऐसा प्रत्यारोपण अभी तक आस पास कहीं नहीं हुआ

**अमृत विचार।** कस्बे में कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के बड़ा चौराहा में जाम और दुर्घटना से बचाव के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में दो पीपल के वृक्षों के प्रत्यारोपण का कार्य शुरू हुआ जो आधी रात तक पूरा कर एक बड़ी उपलब्धि मिली है।

इस कार्य में मुख्य रूप से एआरटीओ अमिताभ राय व वन विभाग के रेंजर सुरेश कुमार त्रिपाठी, उनके सहयोगी माजिद खां, नगर पालिका के चौधरी जबीर व धनीराम आदि का भरपूर सहयोग रहा। आस्था के प्रति दो बड़े पीपल के वृक्षों को मुख्य चौराहे के चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न होने पर उन्हें 12 घंटे लगातार कड़े परिश्रम और जेसीबी तथा हाइड्रा की मदद से शिफ्ट किया गया। रेंजर सुरेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह पहला अवसर है।

जब पीपल के वर्षों पुराने पेड़ों को कटने से बचा कर दूसरे स्थान ले जाकर स्थापित कर दिया गया। कहा पेड़ों के काटने का विरोध के साथ इनको काटने वाला भी नहीं मिल रहा था। सड़क को चौड़ा करने में वृक्ष बाधक थे। जिससे जाम और एक्सीडेंट दोनों का खतरा बना रहता था। इनको रात करीब 12:30 बजे सफल प्रत्यारोपण किया जा सका। आज इन दोनों वृक्षों में एक-एक टैंकर पानी डाला गया है। रेंजर सुरेश कुमार का दावा है कि उनकी जानकारी में ऐसा प्रत्यारोपण आसपास अभी तक नहीं हुआ।

# छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर हुआ स्वागत

संवाददाता कालपी



पहले दिन स्कूल आये बच्चों का माला पहनाकर स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जालौन-शिक्षण सत्र के पहले दिन डी पीआरओ ने सदर बाजार स्थित परिषदीय विद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रथम दिन आने वाले छात्र छात्राओं को माला पहनाकर स्वागत भी किया।

शासन परिषदीय शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए गम्भीर है इसके लिए विभाग एवं शासन स्तर पर विभिन्न तरीके से इन विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद शुरू की है, जिसके तहत विद्यालयों में व्यवस्थाए बेहतर करने के साथ साज सज्जा एवं शिक्षण कार्य पर ध्यान केन्द्रित किया जाना है और इसी के चलते शुक्रवार को डीपीआरओ अयोध्या प्रसाद ने नगर के मुहल्ला सदर बाजार स्थित परिषदीय विद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रथम दिन विद्यालय आने वाले छात्र छात्राओं को माला पहनाकर तथा फूल बरसाकर स्वागत किया । इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षो में लोगों का परिषदीय शिक्षा व्यवस्था से मोहभंग हुआ है जिसके चलते ज्यादातर स्कूलों में छात्रांकन घट रहा है, जिसे बढ़ाने के लिये सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। हालांकि नगर में शिक्षण व्यवस्था दुरूस्त करना आसान नही है क्योकि यहा पर 21 विद्यालय में महज एक दर्जन शिक्षक ही बचे हैं और ज्यादातर विद्यालय शिक्षामित्रों के सहारे चल रहे हैं। ऐसे में शिक्षण व्यवस्था दुरुस्त करना और नामांकन बढ़ाना कठिन कार्य है। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरविंद यादव ,ब्रजभूषण तिवारी तथा शिक्षामित्र एवं आधा दर्जन छात्र और छात्राएं मौजूद रहे।

# गर्मी में सूखे पड़े अमृत सरोवर, उड़ रही धूल

संवाददाता, अमौली फतेहपुर

- लोगों के साथ -साथ पशु पक्षियों को भी हो रही परेशानी

**अमृत विचार।** करोड़ों रुपये खर्च कर गांवों में बनाए गए अमृत सरोवर और सुंदरीकरण में शामिल किए गए तालाब पशु-पक्षियों की प्यास नहीं बुझा पा रहे हैं। कारण, भीषण गर्मी में जरूरत के समय इनमें सूखा पड़ा है। ऐसे में बेजुबानों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। आलाधिकारियों ने अमृत सरोवरों में पानी भरवाने को लेकर गम्भीर नहीं नजर आ रहे हैं। ग्राम विकास विभाग की लापरवाही के चलते सरकार की मंशा पर पानी फेर दिया गया। जिसका खामियाजा मवेशियों के साथ पशु पक्षी भुगत रहे हैं ।

अमौली विकास खंड के ग्राम सभा सरहनबुजुर्ग के जरेठा में अमृत सरोवर के नाम पर की गई खाना पूर्ति की स्थिति देखते ही बनती है। इतना ही नहीं अन्य कई तालाबों में एक बूंद पानी नहीं है। जबकि जल संरक्षण के उद्देश्य से ही इन अमृत सरोवरों का निर्माण हुआ है। जिसके चलते यह अमृत सरोवर पहले की अपेक्षा और भी बदहाल पड़े हुए हैं। क्यों कि यह तालाब खुद एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे है। मवेशियों से लेकर आम आदमी को भी यह अमृत सरोवर कोई लाभ नहीं दे पा रहा। ऐसी स्थिति में इन अमृत सरोवरों पर लाखों खर्च करने की बात बेमानी ही लग रही है। बता दें कि अमृत सरोवरों में पानी की व्यवस्था को लेकर किसी का ध्यान नहीं जा रहा। सरकारी तंत्र में ब्याप्त भ्र्ष्टाचार के चलते अमृत सरोवरो की दुर्दशा साफ नजर आ रही है।

## सार-संक्षेप



स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते मरीज। अमृत विचार

### बजरंग दल के स्वास्थ्य शिविर में उमड़े मरीज

**जालौन।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सेवा सप्ताह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।विश्व हिन्दू परिषद् और बजरंग दल हर बर्ष सेवा सप्ताह मनाता है जिसमे कई कार्यक्रम किए जाते है, जिसमे शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस सेवा सप्ताह में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता नगर के मंदिरों के आस पास और मलिन बस्तियों में साफ सफाई करते हैं, और लोगों को सफ़ाई के बारे में प्रेरित करते हैं। इसी क्रम में आज विश्व हिंदू परिषद द्वारा एक स्वास्थ शिविर का आयोजन आसरा कालोनी में लगाया गया, जिसमे नगर की डाक्टरों की एक टीम मौजुद रहि, जिसमे डाक्टर सम्राट प्रताप सिंह, द्वारा लगभग आधा सैकड़ा मरीजों को देखा गया और उनको नि :शुल्क दवा दी गई, इस मौक़े पर उनका स्टाफ में आरती, मोहन, कनहिया, श्यामा, रेनू उपस्थित रहि। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, बजरंग दल संयोजक मानवेंद्र परिहार, दीपेंद्र राठौर, अंशु गौतम, निशांत, गोलू कुशवाहा, अखिलेश सहित एक दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ब्यूटी पार्लर प्रबंधन का महिलाओं ने लिया प्रशिक्षण

**थरियांव।** हसवा विकासखंड के रामपुर थरियांव स्थित बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर प्रबंधन तीस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। राज्य ग्रामीण आजीविका विभाग फतेहपुर से उपायुक्त ( स्वत : रोजगार ) अशोक कुमार गुप्ता, मुख्य अतिथि थे। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक प्रतीक शर्मा ने आये हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करते हुए बताया कि संस्थान में ज़िले की विविध ब्लाकों से 34 प्रशिक्षणार्थियों को ब्यूटी पार्लर प्रबंधन कौशल एवं उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने अपने प्रशिक्षण के अनुभव साझा किये। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं को समय के साथ ताल से ताल मिलाकर चलना होगा। महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नही हैं, बस आवश्यकता है तो अपने अंदर की शक्ति को पहचानने की मुख्य अथिति अशोक कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के उदेश्य को साकार के लिए दृण संकल्प होकर काम शुरू करने की अपील की। इस मौके पर संकाय सदस्य परीक्षित मौर्या व प्रशिक्षिका भावना यादव और अन्य लोग मौजूद रहे।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक युवक ने गांव के बाहर पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। गांव के लोगों ने पेड़ पर शव लटका देखकर परिजनों को सूचना दी। मृतक के पिता ने बताया कि दो महीने पहले बेटे की शादी हुई थी।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के रतनसेपुर गौती गांव के रहने वाले पिरथी पासवान का बेटा वीरेंद्र पासवान (24) का शव गांव के बाहर जंगल में नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। सुबह करीब दस बजे के आसपास जानवर चराने गए चरवाहा की नजर पड़ी तो मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मृतक के पिता पिरथी पासवान ने बताया कि बेटे की शादी दो महीने पहले हुई थी। शादी के बाद बेटे-बहू में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था और रात में बेटा गुस्से में घर से निकल गया था। सुबह पेड़ पर शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था।

# मरीजों को मिलें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला स्वास्थ्य समिति एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान माह जुलाई की अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों से कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करें।

क्षय रोगियों के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित सभी बिंदुओं की बिंदुवार समीक्षा की। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप हर हाल में क्षय रोगियों की जांच कराना सुनिश्चित करें। विकास खंडवार कार्ययोजना बनाकर टीम भावना के साथ कार्य करे। प्रधानमंत्री टीबी रोग मुक्त भारत योजना के तहत क्षय रोगियों को दवाएं समय से दी जाय और निरन्तर देखभाल करते रहें। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अभी तक बैठक नही किये हैं वो तत्काल बैठकर आशा व आंगनबाड़ियो को किये जाने वाले कार्यो के प्रति जागरूक किया जाये। टीबी की टेस्टिंग लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत निर्धारित समय से कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में खण्ड विकास अधिकारी सहयोग करें। तभी यह कार्यक्रम सफल हो सके। क्षय रोग अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के लिए जो टीम बनायी गयी है। उसका नाम, मोबाइल नंबर उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराएं। कहा कि एक जुलाई से चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर जिन विकास खंडों की बैठक शेष रह गई है, वहां बैठक कराते हुए बैठक की कार्यवृत्ति से अवगत कराएं।




बच्ची का टीका लगाकर अभिनंदन करते शिक्षक। अमृत विचार

# बच्चों ने सीखे रचनात्मक कार्य

**माधौगढ जालौन।** अमाखेड़ा प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं द्वारा मिट्टी/कला व पेपर क्राफ्ट का प्रयोग करते हुये अत्यंत मनमोहक रचनाओं का प्रदर्शन किया गया,तथा विद्यालय स्टाफ में उपेंद्र सिंह (सअ), अबलाख सिंह (सअ) द्वारा छात्राओं को प्राकृतिक वातावरण का एक्सपोजर विजिट करवाया गया व पेड़/पोधों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की व छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया गया । इसके अतिरिक्त आज ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद प्रथम दिन विद्यालय आगमन पर समस्त छात्राओं का रोली से टीका लगाकर व मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया कार्यक्रम का आयोजन उपेंद्र सिंह प्रजापति (सअ) के द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीर कुशवाह जी , उपेंद्र सिंह, अबलाख सिंह (स०अ०), अंशुमान द्विवेदी (स०अ०) व विद्यालय के प्रवंध समिति अध्यक्ष उमाशंकर राठौर की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

मस्ती

एआरपी के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने किया पौधरोपण

# समर कैंप में छात्राओं को कराया धार्मिक स्थलों का भ्रमण

संवाददाता, सुमेरपुर हमीरपुर



विद्यालय परिसर में पौधा लगाते शिक्षक व छात्र छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालय खुलने के बाद शुक्रवार को पहली मर्तबा छात्र-छात्राओं को स्कूल बुलाकर भव्य स्वागत किया गया। कंपोजिट विद्यालय बांक में एआरपी की उपस्थिति में पौधरोपण करके समर कैंप का आयोजन कराकर छात्राओं को धार्मिक स्थल का भ्रमण कराया गया।

परिषदीय स्कूल खुलने के बाद शुक्रवार को इस सत्र में पहली बार छात्र छात्राओं को स्कूल बुलाया गया। कंपोजिट विद्यालय बांक में एआरपी बृजमोहन की उपस्थिति में स्कूल कैंपस में पौधारोपण किया गया। इसके बाद समर कैंप का आयोजन करके छात्र छात्राओं को गांव के प्रसिद्ध मौहर देवी मंदिर की सैर कराकर इनके इतिहास के बारे में बढ़कर ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व से अवगत कराया गया। समर कैंप में विद्यालय की शिक्षिका मंजीता अहिरवार, प्रतिमा श्रीवास्तव, गीता प्रजापति, संगीता, आराधना, विजयलक्ष्मी, अर्चना कुशवाहा आदि मौजूद रही।

## निशानेबाजी और जंपिंग झूला के बारे में जाना

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)



झूले का उद्घाटन करते बीडीओ प्रवेंद्र पांडे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड के गांव ऐझी में स्कूली छात्रों ने समर कैंप का आनंद लिया। छात्रों को किन-किन चीजों से नुकसान या फायदे हैं उनके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया ।

उच्चतर पूर्व माध्यमिक विद्यालय ऐझी के प्रधानाचार्य ब्रह्म प्रकाश यादव ने बताया कि शुक्रवार को विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ प्रवेंद्र पांडे ने फीता काटकर किया। समर कैंप में 85 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और जंपिंग झूला, कुम्हार के चाक का व्यवहारिक उपयोग, निशानेबाजी आदि के साथ पर्यावरण संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही कीटनाशक दावों के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस मौके पर प्रधान राघवेंद्र गुरुदेव ने बच्चों को नैतिकता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और बच्चों को भविष्य में क्या करना है क्या नहीं करना है इसके बारे में बताया। वहीं खंड विकास अधिकारी प्रवेन्द्र पांडे ने बच्चों से बात करते हुए कहा कि आप लोग ही देश का भविष्य हैं। आप लोगों को अभी से ही अच्छी या बुरी बातों की जानकारी होना चाहिए जिससे कि आप लोगों को भविष्य में कभी किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े, इस मौके पर प्रमुख रूप से विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष दयाराम राठौर, मंजू लता, नृपत सिंह, आकांक्षा, ममता गुप्ता आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# बारिश से गोवंशों को बचाने की हो पूर्ण व्यवस्था : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने घुरट गौशाला का किया औचक निरीक्षण, गोवंशों के रखरखाव और चारे की देखी स्थिति

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बारिश के दौरान औचक निरीक्षण कर घुरट गौशाला की हकीकत का लिया जायजा, गौशाला में गोवंशों के रखरखाव की स्थिति देखी और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने गोवंशों के लिए आगामी बारिश से बचाव, भूसे और पानी की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गोवंशों को बारिश से बचाने की पूर्ण व्यवस्था की जाये। उन्होंने बारिश में गोवंशों की उचित देखभाल के निर्देश दिए। गौशाला में गोवंशों के संरक्षण व चिकित्सकों को नियमित जांच और टीकाकरण के निर्देश दिए। इस दौरान वहां पर उन्होंने गोवंशों के रखरखाव की स्थिति देखी। जिसके बारे में वहां मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों से जानकारी ली और उचित व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला में नियमित साफ सफाई व सघन पौधरोपण करने के लिए अभी से ही गड्ढे खुदान का कार्य कर लिया जाए। इस दौरान जन चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वार्ता कर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी की। ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज्य अधिकारी को निर्देशित किया कि गांव में नियमित साफ सफाई व पंचायत मित्र द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करें। कोई भी पात्र लाभार्थी लाभ से वंचित न रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, खंड विकास अधिकारी ब्रजकिशोर कुशवाहा आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


ग्राम में घुरट गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय।


सड़क को खोदवा कर गुणवत्ता की जांच करते अधिकारी।

● गौशाला में नियमित साफ सफाई व सघन पौधरोपण की अभी से तैयारी के दिये निर्देश

### जिलाधिकारी ने सड़क खोदवा कर देखी गुणवत्ता

उरई। जिलाधिकारी ने सड़क खोदवा कर उसकी गुणवत्ता जांची और खामी पाए जाने पर टीएसी जांच के आदेश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार को एक हफ्ता पहले घुरट गांव के लोगों ने शिकायती पत्र देकर अमरोड से घुरट सड़क निर्माण में हो रही धांधली की शिकायत की थी, जिस पर जिलाधिकारी ने आज शुक्रवार को स्वयं मौके में पहुंच कर नवनिर्मित सड़क की खोदाई कराकर निर्माण की गुणवत्ता परखी, जिसमे तार कोल का मिश्रण कम पाया गया, जिसपर मौके में मौजूद निर्माण इकाई लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता महेंद्र सिंह को जिलाधिकारी ने फटकार लगाते हुए टीएसी जांच करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के पूछने पर अधिशाषी अभियंता ने बताया की अमरोड से घुरट गांव तक 3.6 किलोमीटर सड़क का निर्माण 2 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। जांच में सड़क निर्माण के मानक के अनुरूप कम गिट्टी डालना भी पाया गया, मौके पर पहुंचे शिकायत कर्ता ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में तार कोल की मात्रा बहुत कम डाली गई है। इस कारण सड़क का निर्माणकार्य बेहद घटिया किया गया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने अधिशाषी अभियंता से टीएसी जांच कराकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई कराने के निर्देश दिए हैं।

### आश्रितों के खानपान व स्वास्थ्य के बारे में की जानकारी

उरई (जालौन)। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार विगत 28 जून 2024 को न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शेल्टर होम राठ रोड में संचालित 'वृद्धाश्रम' एवं मु. लहरियापुरवा स्थित 'आश्रय-गृह' का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा। समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 114 संवासी उपस्थित मिले। वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं इस पर संवासियों द्वारा मैन्यू के अनुसार भोजन मिलना बताया गया। इस सम्बन्ध में मैन्यू चार्ट को क्रॉस चेक भी किया गया। संवासियों की चिकित्सा/प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवायें मिलीं। नगर पालिका परिषद उरई जनपद जालौन के सहयोग से मु. लहरियापुरवा में लखनऊ के एक एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय गृह (शेल्टर होम) में न्यायिक अधिकारियों ने जांच-पड़ताल की। निरीक्षण के समय मौके पर प्रबन्धक व केयर टेकर उपस्थित नहीं मिले। यहां पर निरीक्षण के दौरान अत्यधिक गन्दगी मिली एवं चादर फटे मिले, कई जगह कचड़े का ढेर लगा मिला।

### कोई भी ऐसा बंदी न हो जिसका अपना अधिवक्ता न हो

जालौन। अधिकारियों ने वृद्धाश्रम की जांच पड़ताल करने के बाद जिला कारागार उरई का मासिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरुद्ध बन्दियों से पूछताछ करते हुये उनकी समस्याओं को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के साथ साथ तमाम प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण में जिला जज ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान के बारे में जानकारी की। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी न रहे जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, कारापाल, कारागार चिकित्साधीक्षक अमर सिंह, जिला विधिक सेवा प्राध शुक्ला उपस्थित रहे।


नाला सफाई अभियान का स्थलीय निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव।

# जलभराव रोकने को लेकर नालों की शुरू हुई सफाई

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में जल-भराव व जल जमाव की समस्याओं से निपटने के उद्देश्य से नालों को नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों की टीमों के द्वारा द्वितीय चरण में फेज 2 विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष अरविंद ने निरीक्षण करके निर्देश दिए कि सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाए।

नगरीय सफाई व्यवस्था प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव की देखरेख में शुक्रवार को पचपिंडा देवी के समीप नलों में द्वितीय चरण का सफाई अभियान चलाया गया। इसके पहले द्वितीय चरण के तहत सोमवार से नगर के भट्टीपुरा से नई बस्ती तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। रोस्टर के मुताबिक सफाई नायक अजय कुमार एवं 10 कर्मचारी सुबह एवं शाम की दोनों पालियों में नाला सफाई करने के अभियान में जुटे रहे। सफाई व्यवस्था प्रभारी शिशुपाल यादव ने बताया कि नगरीय सफाई व्यवस्था के लिए 125 से अधिक कर्मचारी तैनात हैं। सुबह 6 बजे से 10 बजे तक तथा 3 बजे से 6 बजे तक दो पालियों में सफाई व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा की नगरीय सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर को 6 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक सफाई नायक के साथ सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। पालिकाध्यक्ष अरविंद ने शुक्रवार की सुबह राजघाट, भट्टीपुरा, उदनपुरी, पचपिंडा, रामगंज आदि इलाकों में निरीक्षण करके नालों सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

# सड़क किनारे लगे मौरंग के ढेर दे रहे हादसों को दावत

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** गोहन/ ईंटों में सड़क किनारे गिट्टी, बालू डंप होने से हादसों की आशंका बनी रहती है। आने जाने वाले राहगीरों के लिए सड़क के किनारे लगे गिट्टी, बालू व मौरंग के डंप मुसीबत बने हुए है। आये दिन हादसे हो रहे हैं।

गोहन क्षेत्र में दर्जनों गिट्टी, बालू व मौरंग की दुकानें क्षेत्रीय लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है गोहन, राजपुरा, ईंटो, सरावन, आदि गांवों में दुकानदार रोड के किनारे गिट्टी बालू के डंप किए हुए है जो सुबह से लेकर देर रात तक मुख्य सड़कों पर ही बालू को डंपर व ट्रैक्टर आदि की ट्रॉली में बालू और गिट्टी की लोडिंग व अनलोडिंग की जाती है जिससे रास्ते में जाम की भी समस्या बनी रहती है। बिखरी पड़ी बालू व गिट्टी बाइक चालकों के लिए मुसीबत बन रही है। ऐसे स्थानों पर आए दिन बाइक चालक सड़क पर बिखरे बालू पर फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो जा रहे हैं। जिसमें कुछ लोग जख्मी हुए हैं तो वही कुछ को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है।

बीते गुरुवार की शाम को गोहन ईंटो मार्ग पर सड़क से सटे बालू के डंप पर बाइक सवार मोहर सिंह फिसल गए जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वस्थ केंद्र ईंटो में भर्ती कराया गया वहीं स्थानीय ग्रामीण रामस्वरुप पट्टीदार, राजपाल चौहान, महेन्द्र परिहार, हरिसिंह परिहार,विमल राजपूत,सतीश राजपूत, शरद राजपूत, गिरराज कुशवाहा,पतलेश सिंह आदि ने बताया कि प्रशासन को सड़क किनारे रखे गिट्टी बालू के डंप के खिलाफ अभियान चलाकर सभी दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए जिससे आए दिन हादसों से बचा जा सके। माधौगढ़ क्षेत्रधिकारी शैलेन्द्र बाजपेई ने कहा की गोहन थानाध्यक्ष दिव्यप्रकाश तिवारी को निर्देशित किया गया है कि रोड के किनारे लगे सभी गिट्टी बालू के डंपों को हटवाएं न मानने पर सभी दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें।


सड़क किनारे लगा मौरंग का ढेर। अमृत विचार

### बिजली ठेकेदार की लापरवाही से लोगों में आक्रोश

**जालौन।** कालपी बिजली की लाइन बनाने वाले ठेकेदार की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत कालपी नगर में चल रहे विद्युत कार्य में बरती जा रही लापरवाही से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शासन द्वारा नगर की जर्जर विद्युत पोल व लाइनों के अलावा ट्रांसफार्मर आदि को बदलने को लेकर आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत बीते तकरीबन छह माह से नगर में काम चल रहा है तथा पूरे जनपद का कार्य मोन्टी कार्लो कम्पनी के द्वारा कराया जा रहा है तथा इस कम्पनी के हेड राकेश आनन्द द्वारा जनपद के अलग-अलग हिस्सों में ठेकेदारों से काम कराया जा रहा है तथा कालपी का काम इटावा निवासी ठेकेदार उत्कर्ष द्वारा किया जा रहा है। बीते एक सप्ताह में नगर के विद्युत फाल्ट के चलते आपूर्ति गड़बड़ा गयी, जिससे नगर के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जर्जर विद्युत केबिल में आतिशबाजी की तरह स्पार्किंग हो रही है, जिससे आस पास के लोगों में दहशत फैल गई और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। विद्युत उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज से जब वार्ता की तो उन्होंने कहाकि ठेकेदार द्वारा काम में लापरवाही के चलते बिजली के तार आपस के टकरा गए। वहीं अवर अभियंता जितेन्द्र कुमार ने बताया कि तकरीबन 6 माह से ठेकेदार बहुत धीमी गति काम कर रहा है। नगर के कई मुहल्लों में जर्जर लाइनों को बदलने की आवश्यकता है, जिसके बारे में कई बार बताया जा चुका है। इसके अलावा कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में कई बार ठेकेदार को कहा जा चुका है। वहीं मोन्टी कार्लो कम्पनी के जनपद के हेड राकेश आनन्द के मुताबिक नगर में कार्य चल रहा है ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कार्य करने की बात स्वीकारते हुये कहाकि दूसरे ठेकेदारों को भेजा गया था। वहीं व्यापार मण्डल अध्यक्ष नमन अग्रवाल, सर्राफा व्यापार मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सोनी, दिनेश चौधरी, रविन्द्र नाथ गुप्ता, राजू पाठक, नीतू गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता, सुनील पटवा सभासद, विशाल पोरवाल ने कहाकि यदि शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति अपनी पटरी पर नहीं आती तो उपजिलाधिकारी कालपी को उक्त समस्या से अवगत कराया जायेगा।

### कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन धारण किया

**उरई।** गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी का 24 जून को रात्रि 12:00 बजे सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से पार्टी में शोक की लहर है। गांधी चबूतरा कोतवाली के सामने गांधी प्रतिमा के नीचे मृत आत्मा की शांति एवं परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना व शोक सभा की गई। इस अवसर पर अनुज मिश्रा डॉक्टर रेहान सिद्दीकी अशोक द्विवेदी राजेश मिश्रा, चौधरी श्याम सुंदर, सिद्धार्थ दिवोलिया, संतोष ठाकुर राजकुमार वर्मा संजीव तिवारी सीटू मेराज सिद्दीकी नफीस पठान गुलाब खान सुरेश दीक्षित शैलेंद्र व्यास राजेश बुधौलिया बाबू खान मंसूरी कप्तान सिंह हीराचंद हौसला देशराज वर्मा आसाराम बापू अवतार सिंह वर्मा रामेश्वर दयाल अवतार सिंह चंद्रभान सुरजीत श्रीवास्तव आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### संतुलन बिगड़ने से गिरकर बाइक सवार महिला घायल

**जालौन।** बीमार पत्नी को लेकर गांव से जालौन आ रहे युवक का सड़क पर अन्ना जानवर आ जाने से संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे गिर पड़ा जिससे पत्नी को गंभीर चोटें आई, राहगीरों की मदद से घायल को अस्पताल लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। सिहारी चेलापुर निवासी सोबरन सिंह अपनी पत्नी पुष्पा देवी को लेकर जालौन अस्पताल आ रहे थे जैसे ही वह चुंगी नंबर चार पर आए तभी अन्ना जानवर के अचानक सड़क पर आ जाने से उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गई जिससे पत्नी पुष्पा देवी के चोट आ गई, राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार किया गया।

### करंट की चपेट में आने युवक की मौत

**जालौन।** करंट लगने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानपुर देहात निवासी अरबाज उम्र 27 वर्ष कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुरा में रामकिशोर के यहां शटरिंग का कार्य कर रहा था तभी उसको अचानक करंट लग गया, जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। वहां पर मौजूद लोगों द्वारा उसे सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दूसरी शादी करना पड़ा महंगा

**कालपी-जालौन।** पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करना एक युवक को महंगा पड़ गया है। पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोल्हूपुर निवासी लक्ष्मीनरायण पुत्र रामकिशुन की पुत्री की शादी कुछ वर्ष पहले गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम रजपुरा निवासी युवक रवि कुशवाहा के साथ हुई थी जो मध्य प्रदेश का मूल निवासी है लेकिन शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि उक्त युवक पहले से ही शादी शुदा था और यह बात उसने शादी के पहले नहीं बताई थी। मामला खुलने पर वह उसकी पुत्री को मारने पीटने लगा था और मामला जब ज्यादा बढ़ा तो वह 5 लाख नकद और लैपटॉप लाने के लिए कहने लगा था और असमर्थता जताने पर घर से निकाल दिया। जिसके चलते युवती के पिता ने अदालत का सहारा लिया था। अदालत ने पति के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए थे जिसके चलते शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बसपा: जिलाध्यक्ष के सिर फूटा हार का ठीकरा

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

● जितेन्द्र दयालु बने बसपा के जिलाध्यक्ष

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में पार्टी का सूपड़ा साफ होने के बाद बसपा का नेतृत्व ऊपर से नीचे तक पार्टी में सब कुछ बदलने की कवायद में जुटा हुआ है। हालांकि इससे कुछ भी चमत्कार होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस क्रम में राष्ट्रीय, प्रदेश, ज़ोन और सेक्टर स्तर पर तमाम उठापटक करने के बाद अब जिलास्तर पर भी बदलाव होने लगा है। पार्टी की ओर से की गयी घोषणा में बताया गया है कि पार्टी सुप्रीमो मायावती ने आज धीरेन्द्र चौधरी के स्थान पर जितेन्द्र दयालु की नियुक्ति जिलाध्यक्ष के तौर पर कर दी है। जितेन्द्र दयालु युवा चेहरा हैं जिनको आगे लाकर बसपा नेतृत्व ने नयी पीढ़ी में पार्टी की पैठ मजबूत करने की कोशिश की है।

बसपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जितेंद्र दयालु का कहना है कि संगठन के पुराने मिशनरी लोगों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो मायावती ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका निर्वहन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से छुना पाल पूर्व प्रत्याशी कालपी, मानवेन्द्र सिंह निरंजन, जगजीवन अहिरवार पूर्व चेयरमैन,राजेश गौतम विधानसभा अध्यक्ष कालपी, सतीश निषाद जिला सचिव, कन्हैयालाल कुशवाहा, उदय प्रधान, महेंद्र पाल बामसेफ जिला अध्यक्ष, राकेश पाली, मनोज याज्ञिक जिला पंचायत सदस्य, संजय गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष, खान बाबू सभासद कालपी अमर सिंह ट्रेलर देशराज गोल्डी मोती नगर, आत्माराम फौजी,कीरत सिंह दोहरे, शैलेन्द्र शिरोमणि पूर्व जिलाध्यक्ष, हीरालाल चौधरी पूर्व जिलाध्यक्ष, महेंद्र दोहरे, मोहित सहित आदि लोग मौजूद रहे।

जानकारी | पुलिस अधिकारी तथा तमाम अधिवक्ता रहे मौजूद

# लोगों को नए कानूनों के बारे में किया जागरूक

संवाददाता कालपी जालौन

● 1 जुलाई से लागू होने जा रहे हैं नये कानून

**अमृत विचार।** आगामी 1 जुलाई से लागू होने जा रहे हैं नए भारतीय आपराधिक कानून को लेकर अधिवक्ताओं, पुलिस कर्मचारियों, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक की मौजूदगी में क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को नए कानून के बारे में जानकारियां दे कर जागरूक किया गया।

बीती शाम कोतवाली कालपी के कोतवाली के सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि धारा 302 हत्या के लिए पुरानी भारतीय दंड संहिता में प्रयुक्त होती थी। इसके स्थान पर नई धारा 103 भारतीय न्याय संहिता हो गई है। इसी प्रकार धारा 304 के स्थान पर धारा 105 तथा धारा 304 ए के स्थान पर 106, धारा 304 बी के स्थान पर दहेज हत्या के लिए नई संहिता में धारा 80 में प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही धारा 376 के स्थान पर नई संहिता में बलात्कार का दंड के लिए धारा 64 एवं चोरी के लिए धारा 379 के स्थान पर धारा 303 एवं चेन स्नेचिंग के लिए नई संहिता में धारा 304 में दंड संबंधित प्रावधान किया गए हैं।

बैठक में बार संघ के पूर्व सचिव राकेश द्विवेदी ने नए कानून के संबंध में कई बिंदुओं में जानकारी देकर अवगत कराकर कानून की जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार ने नये कानून के बारे में जानकारी के साथ चर्चा की।

बैठक में मौजूद वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह, महमूदपुर चौकी प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ,ज्ञान भारती चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह, उप निरीक्षक मोहम्मद वसीम, उप निरीक्षक राजेश कुमार बाल संघ के पूर्व अध्यक्ष जय किशोर कुलश्रेष्ठ सिद्धनबाबू, अधिवक्ता रविंद्र श्रीवास्तव, अधिवक्ता सतीश निषाद, देवेंद्र श्रीवास्तव आदि के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।


नये कानून के बारे में लोगों को जानकारी देते सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी व कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक। अमृत विचार


बारिश के चलते गिरी पड़ी मकान की छत। अमृत विचार

# तेज बारिश से छत ढही

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** गुरुवार की रात तेज बारिश के चलते शेखपुर गुढा गांव में एक मकान की छत ढह गई। इस दौरान गृहस्वामी व अन्य सदस्य बाल बाल बच गये।

महेवा क्षेत्र के यमुना बीहड़ पट्टी स्थित ग्राम शेखपुर गुढा निवासी छक्कीलाल पुत्र आशाराम परिजनों सहित अपने घर में मौजूद था। इसी दौरान गरज चमक के साथ तेज बारिश होना शुरू हो गई थी और थोड़ी ही देर में उसके मकान के एक कमरे की छत तथा दीवार भरभरा कर ढह गई थी हालांकि गृहस्वामी तथा उसके परिजनों के दूसरे कमरों में होने से किसी प्रकार की शारीरिक क्षति होने से बच गई थी। ग्राम प्रधान रामबाबू निषाद के अनुसार उक्त परिवार बेहद गरीब है। बारिश में मकान ढहने की सूचना लेखपाल के माध्यम से प्रशासन को दी गई है। वहीं इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि गुरुवार रात हुई बारिश के बाद क्षेत्रीय लेखपालों को क्षेत्र में नजर रखने के लिए कहा गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा नाम त्रुटिवश आधारा कार्ड में जुगेश दर्ज हो गया है। जबकि मेरा नाम हाईस्कूल के अंकपत्र में योगेश पुत्र बुधराम के नाम से दर्ज है। मुझे योगेश पुत्र बुधराम के नाम से जाना-पहचाना जाए। **योगेश कुमार पुत्र बुधराम निवासी धवरिया, नकहरा, थाना- नवाबगंज, जनपद- गोण्डा।**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम KM ANURADHA KUMARI SAH था से बदलकर ANURADHA SAH रख लिया है। अब मुझे ANURADHA SAH के नाम से जाना पहचाना जाये। पुत्री- **BALA SAH** पता- 108 **VILL- MAJURAUHA, MAHINDWARA, SITAMARHI, BIHAR-843117**

**सूचना**
मेरा कक्षा 10 आईसीएसई बोर्ड वर्ष 2021 इंडेक्स नंबर 1212573/166 तथा कक्षा 12 आईएससी बोर्ड वर्ष 2023 इंडेक्स नंबर 2237810/132 वास्तव में कहीं खो गया है। **वंशादित्य प्रताप सिंह, पुत्र रामेन्द्र प्रताप सिंह, मोहल्ला-नई बस्ती बलरामपुर, जिला- बलरामपुर**

**सूचना**
मेरा यू.पी.बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2639405 का अंकपत्र/प्रमाण पत्र वास्तव मे कहीं खो गया है। **मोनी सिंह पुत्री उदय नरायन सिंह ग्राम - खदगौरा दिलावलडीह, थाना - पचपेड़वा, जिला - बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र आकाश धीमान को उसके खराब व्यवहार/आचरण और परिवार की इच्छा के विरूद्ध जाकर अपना विवाह शिवानी राजपूत पुत्री स्व0 राम मिलन राजपूत से कर लिया है। इस कारण मैंने उसे और उसकी पत्नी शिवानी राजपूत को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और उनके द्वारा किसी भी किये गये कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **जगदीश पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी- जरहरा, पो0- रसूलपुर सादात, थाना- इन्दिरा नगर, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सख्या- 820209-90276-000026 पर मेरा, पत्नी व पुत्री का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohamad Sadul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्री का नाम आयशा मनाल फातिमा (Aysha Manal Fatma) है जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी (Mohd Saudul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्री का नाम आयशा मनाल फातिमा (Aysha Manal fatima) दर्ज किया जाए। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ, हरदोई।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सख्या- 82020-9-90276-000027 पर मेरा, पत्नी व पुत्र का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohmad Saudul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्र का नाम मोहम्मद मैमून युसुफ (Mohamad Maimoon yusuf) है। जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी (Mohd Saudaul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्र का नाम मोहम्मद मैमून युसूफ फारूकी Mohd Maimoon Yusuf Farooqui) है। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ हरदोई।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइन्ट वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स कारपो0 लि0 शाखा फैजाबाद ब्रांच आफिस साकेत काम्पलेक्स 2nd फ्लोर देवकाली बाईपास अयोध्या की तरफ से सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रेमलता पत्नी स्व0 श्री हरीश चन्द्र सिंह निवासिनी म0नं0-465 शिव नगर कालोनी पहाड़गंज, कोतवाली नगर, शहर फैजाबाद जिला अयोध्या उ0प्र0-224001 की है, जोकि अपने उप नाम चम्पा देवी के नाम से भी जानी जाती है, जिनके विक्रय विलेख में प्रेमलता सिंह दर्ज हो गया है एंव पेंशन संबंधित अभिलेख में दोनों नाम (प्रेमलता सिंह उर्फ चम्पा) अंकित एंव आधार कार्ड, और पैन कार्ड में चम्पा देवी अंकित है, उक्त व्यक्ति वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स से ऋण लेने हेतु अपनी सम्पत्ति को बंधक रखने के लिए आवेदन किया है, यदि किसी व्यक्ति/बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति (म0नं0-465 शिव नगर कालोनी पहाडगंज, कोतवाली नगर, शहर फैजाबाद जिला अयोध्या उ0प्र0-224001) को बंधक रखने में आपत्ति है तो इस प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर आपत्ति अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कर दें, अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि किसी भी प्रकार के उपरोक्त संस्था को बन्धक रखने में कोई आपत्ति नहीं है। यह कि उक्त धारा 1 में वर्णित कथन के प्रकाशन के उपरान्त यदि कोई वाद विवाद होता है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी शपथी की होगी।
**सचिन शंकर एडवोकेट**
शेड नं0 3 सिविल कोर्ट, फैजाबाद, मो0: 8299765176

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या- 82020-9-90276-000028 पर मेरा, पत्नी व पुत्र का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohmad Saudul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्र का नाम मोहम्मद मुजतबा फारूकी (Mohamad Mujtaba Faruqi) है। जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी (Mohd Saudaul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्र का नाम मोहम्मद मैमून फारूकी Mohd Mujtaba Muneeb Farooqui) दर्ज किया जाए। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ हरदोई।**

# यह हाल : जिला अस्पताल में स्ट्रेचर से पहले मरीज तक पहुंचते दलाल

## गेट पर एंबुलेंस का हूटर बजते हो जाते सक्रिय, मदद के बहाने बाहर से कराते जांच

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में यदि कोई मरीज गंभीर अवस्था में इलाज के लिए आया है तो उसे निःशुल्क दवा और जांच की उम्मीद ज्यादा नहीं करनी चाहिए। क्योंकि ट्रामा सेंटर में मरीज के लिए स्ट्रेचर पहुंचने से पहले ही दवा और जांच कराने के लिए दलाल पहुंच जाते हैं। पहले तो वह एंबुलेंस से मरीज को स्ट्रेचर पर रखने और ट्रामा सेंटर के अंदर लाने में मदद करते हैं। इसके बाद बाहर से जांच से लेकर दवा खरीदने तक की व्यवस्था कराने में जुट जाते हैं।

इसके लिए तीमारदार को एक्स-रे, ब्लड टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एमआरआई, यूरिन व अन्य जांच पर्ची देते हुए दुकान का पता भी बता देते हैं। मजबूरी में तीमारदार बाहर से जांच कराने के साथ दवा भी खरीदते हैं। ट्रामा सेंटर में शुक्रवार को हादसे में घायल चौफेरवा निवासी जंगबहादुर आया तो उनके साथ आए तीमारदार ने बताया कि ट्रामा के बाहर एक आदमी ने दवा लाने के लिए पर्ची दी। बाहर के मेडिकल स्टोर से 700 रुपये की दवा खरीदनी पड़ी। हालांकि डॉक्टर ने बची दवा को वापस करा दिया। इसी तरह ट्रामा और वार्ड में रोजाना कई मरीजों से बाहर से दवा और जांच कराने को दलाल जुटे रहते हैं।



जिला अस्पताल। अमृत विचार

### विटामिन की जांच में हो रहा खेल

अस्पताल में विटामिन की निःशुल्क जांच हो रही है, लेकिन मरीजों के पर्चे पर डॉक्टर जरूरत के अनुसार जांच लिखते हैं। मरीज जब पैथोलॉजी में ब्लड टेस्ट कराने आते हैं तो वहां विटामिन की जांच बाहर से कराने की सलाह दी जाती है।

### बाहरी लोगों की पहचान मुश्किल

अस्पताल में डॉक्टर, नर्स, इंटर्न, गार्ड, सफाई कर्मचारी सभी कर्मचारियों के ड्रेस तय हैं। लेकिन वार्डब्वाय और कार्यालय में कार्य करने वाले लोगों का ड्रेस तय नहीं है। इसका लाभ बाहरी लोग सहजता से उठाते हैं।

### ओपीडी में बाहरी लोगों का दबदबा

ओपीडी में सहायक से संबंधित कार्य केवल बाहरी लोग संभालते हैं। डॉक्टरों के आने से पहले वह दवा की पर्ची पर मोहर लगाने, रजिस्टर में नाम लिखने, पर्चा जमा करने, बीपी, वजन नापकर पर्चे पर लिखने का देखते हैं। मरीज जब डॉक्टर को दिखाने के बाद वापस होते हैं तो उनका पर्चा लेकर अस्पताल के बाहर दवा की दुकान पर पहुंचा देते हैं। ओपीडी में कार्य करने वाले कुछ शाम को डॉक्टरों की निजी क्लीनिक पर भी सेवा देते हैं।

पूर्व में मिली शिकायतों की जांच कराई गई थी। मामला सत्य पाए जाने पर कर्मचारियों पर कार्यवाही की गई थी। बाहरी लोगों के दखल देने के मामले में अस्पताल के ही कुछ स्टाफ को जांच में लगाया गया है, अगर ऐसे लोग पकड़े गए तो उन पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

–डा. पीके सिंह, सीएमएस

## गबन में डाकपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर।** पधारा डाकघर में सुकन्या खाताधारकों के रुपये गबन के मामले में पुलिस ने डाक निरीक्षक की तहरीर पर डाकपाल अमन मिश्रा पर पहला केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

बकेवर के पधारा डाकघर में खातेदारों ने मार्च महीने में आरोप लगाया था कि डाकपाल ने फर्जी पासबुक बनाकर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की। मामला उजगार होने के बाद बिंदकी डाकघर के शिवम गौतम टीम के साथ जांच के लिए पधारा पहुंचे थे। उसके बाद जांच पर ही अमन मिश्रा को निलंबित कर दिया था। उन पर चार लाख 21 हजार 500 का गबन पकड़ा गया था। इसके बाद शिवम गौतम ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

डाक निरीक्षक शिवम गौतम ने बताया कि आरोपी अमन मिश्रा ने शाखा डाकघर में उपलब्ध मोहर का दुरुपयोग किया। विभिन्न खातों में अलग-अलग तिथियां में खाताधारकों से जमा की गई धनराशि को खातों में पासबुक में स्वयं प्रविष्टि करके शाखा डाकघर की मोहर छापकर दे दिया।

## जन्म-मृत्यु के 250 प्रमाण पत्र लटके

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** नगर पालिका में जन्म और मृत्य प्रमाण पत्र के पंजीकरण और प्रमाण पत्र जारी करने काम पिछले दस दिन से बंद था। 14 जून से जन्म मृत्यु के सीआरएस पोर्टल को अपडेट का कार्य किया गया था लेकिन अब पोर्टल गति नही पकड़ रहा है। इससे पेंडेंसी बढ़ती जा रही है। अब तक 250 से अधिक प्रणाम पत्र लंबित हो गए हैं।

सदर नगर पालिका के अलावा अन्य नगर पालिका और नगर पंचायतों में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीकरण और प्रमाण पत्र जारी किए जाते है। सीआरएस पोर्टल के माध्यम से ही पंजीकरण होता है और प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। यह पोर्टल केंद्रीय स्तर पर संचालित होता है। नगर पालिका के जिम्मेदारों का कहना है कि पोर्टल के अपडेशन के लिए इसे 14 जून को बंद किया गया था। बताया गया था कि पोर्टल अपडेशन की प्रक्रिया चलेगी। जानकारी दी गई थी कि जल्द अपडेशन के बाद ओटीपी डालने के बाद लागिन हो जाएगा। लेकिन पोर्टल अपडेशन में अधिक समय लग गया। अब तीन दिन से पोर्टल काम तो करने लगा है लेकिन इसकी अभी प्रोसेसिंग बहुत स्लो होने के कारण दिक्कतें अभी भी आ रही है इससे प्रमाण पत्र जारी होने में अधिक समय लग रहा है। दस दिन तक पोर्टल अपडेट करने को लेकर पहले ही जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने का काम ठप था इससे लगभग 250 से अधिक प्रमाण पत्र लंबित हो गए है। कार्यालय प्रभारी ने बताया दस दिन से अधिक काम बंद रहा अब चालू हुआ तो जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में देरी लग रही है।

### पालिका कार्यालय के चक्कर काट रहे आवेदक

जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र का पोर्टल बंद होने से लोग परेशान हैं। आवेदक नगर पालिका के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने के बाद नगर पालिका ने सत्यापन कार्य तो पूरे करा लिए थे लेकिन जब पोर्टल बंद हो गया तो प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया ठप हो गई। सबसे अधिक परेशान वह लोग हैं जिन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र की अधिक आवश्यकता है। इसकी वजह से उनके जमीन जायदाद, बैंक, स्कूल आदि के काम ठप हैं।

### पांच मिनट की जगह लग रहे 25 मिनट

जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन के जरूरी कागज पहले पोर्टल पर अपडेट करने में पांच मिनट का समय लगता था। लेकिन अब सीआरएस पोर्टल अपडेट होने के बाद कागज अपलोड करने में 25 मिनट के आसपास का समय लग रहा है। पहले पोर्टल पर एसडीएम आर्डर ही अपलोड किया जाता था लेकिन अब नई प्रक्रिया के तहत पोर्टल पर एड्रेस प्रूफ अपलोडिंग, एसडीएम आर्डर अपलोडिंग, एडीशनल डाक्यूमेंट अपलोडिंग और अस्पताल आदि की डिस्चार्ज की अपलोडिंग की जा रही है।

### लंबित प्रकरणों के निस्तारण की चुनौती

नगर पालिका में शहर के जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाते है। पहले ही इसकी प्रक्रिया लंबी होने से आवेदन कर्ताओं को प्रमाण जारी कराने में अधिक समय का इंतजार करना पड़ता था। एसडीएम के यहां से समय से अनुमित न मिलने के कारण परेशानी होती है, लेकिन अब उनके नई समस्या खड़ी हो गई है। पिछले दस दिनों में पोर्टल बंद रहने से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र 250 से अधिक प्रणाम पत्र लंबित हो गए हैं। नए आवेदन भी लगातार आ रहे है। अब पालिका के आगे लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराना किसी चुनौती से कम नही रह गया।

## हत्या को खुदकुशी दर्शाने पर विरोध

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सकूलपुर मजरे फरसी गांव में 13 जून को एक युवक विष्णु द्वारा फांसी लगाकर जान देने का मामला प्रकाश में आया था। इस मामले में पुलिस का कहना था कि युवक ने फांसी लगाकर जान दी है। जबकि मृतक के परिजनों का आरोप था कि मृतक को गांव के ही कुछ दबंग लोगों ने एक युवती से प्रेम-प्रसंग के चलते मारकर पेड़ पर लटका दिया है।

मृतक के पिता आनंद पाल ने आरोप लगाया कि करीब एक वर्ष पूर्व भी आरोपियों ने उनके पुत्र को बुरी तरह मारा-पीटा था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में परिजनों की तहरीर के बावजूद संबंधित थाना पुलिस मुकदमा नहीं लिख रही थी। जिसके बाद मृतक के परिजन पुलिस कप्तान से भी न्याय की गुहार लगाने के लिए पहुंचे थे। बार-बार पुलिस अधिकारियों की चौखट पर न्याय की गुहार लगाने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो परिजन मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट में आमरण अनशन के लिए शुक्रवार को बैठ गए। कलेक्ट्रेट परिसर में जैसे ही ग्रामीणों के आमरण अनशन में बैठने की सूचना जिला एवं पुलिस प्रशासन को लगी तो आनन-फानन में पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिजनों की पूरी बातचीत सुनने के बाद धरना समाप्त करने का दबाव बनाने लगे। वहीं परिजन मुकदमा दर्ज कराने को लेकर अड़े रहे। परिजनों एवं ग्रामीणों के रोष को देखते हुए मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों से वार्ता करते हुए पूरे मामले से अवगत कराया। उच्च अधिकारियों के आश्वासन पर मौजूद अधिकारियों ने परिजनों से नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही। जिसके बाद अनशन खत्म हो गया।


कलेक्ट्रेट में नाराजगी जताने आए ग्रामीण। अमृत विचार

- ग्रामीणों व परिजनों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

## घर-घर पहुंचकर आशाएं बना रहीं आभा आईडी

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मरीजों को उपचार में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आभा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता आईडी बनाने का अभियान चल रहा है। आभा आईडी बनाने से जहां एक ओर मरीजों की समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। वहीं दूसरी ओर चिकित्सकों को उपचार करने में सहूलियत होगी। यह आईडी मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए किसी कवच से कम नहीं है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की आभा आईडी बना रही हैं।

सीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने बताया कि मरीजों की आभा आईडी बनाई जा रही है, जिससे उनके इलाज का डेटा सुरक्षित रखा जा सके। इससे मरीज और डॉक्टर दोनों को लाभ होगा। आईडी बनाने के लिए मोबाइल नंबर से आधार का लिंक होना जरूरी है। मरीज का एक बार ओटीपी आधार नंबर और दूसरी बार ओटीपी मोबाइल नंबर से जनरेट होता है। ओटीपी डालते ही मरीज की आभा आईडी बन जाती है।

### आईडी के लाभ

सीएमओ ने बताया कि आभा आईडी बनने से मरीजो को फाइल लेकर चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। एक क्लिक पर उनकी मेडिकल हिस्ट्री मिल जायेगी। आभा आईडी से इलाज के लिए हर जगह रिपोर्ट या पर्चीयां ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### आभा में यह जानकारी भी रहेगी मौजूद

मरीज का ब्लड ग्रुप, बीमारी, दवाई और चिकित्सक से संबंधित सभी जानकारी मौजूद रहेगी। अब मरीज अपना मेडिकल रिकार्ड, लैब रिपोर्ट और डायग्नोसिस दिखा सकेंगे। बताया कि ऑनलाइन इलाज, टैली मेडिसिन, निजी चिकित्सक, ई-फार्मेसी व पर्सनल हेल्थ रिकार्ड अब आसानी से मिल जाएंगे। सीएमओ ने बताया कि मरीज परेशान नहीं होंगे।

## शराब तस्करों का पता नहीं लगा सकी पुलिस

**फतेहपुर।** हरियाणा से बिहार जा रहे शराब तस्करों की कार कोतवाली क्षेत्र हाईवे पर बुधवार रात दुर्घटना का शिकार हो गई थी। हादसे के बाद कार सवार भाग निकले थे। सुबह घटना की जानकारी पर पुलिस ने कार के नम्बर के माध्यम से तस्करों तक पहुंचने का प्रयास शुरू कर दिया था। लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बाईपास चौराहे और लोधीगंज के बीच कार खड़े कंटेनर में टकराने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे के बाद चालक कंटेनर लेकर भाग निकला। कार प्रयागराज की ओर जा रही थी। कार की हालत देखकर लोग अंदाजा लगाते रहे कि शायद ही दुर्घटना में कोई बचा होगा। पुलिस के मुताबिक कार से मौके पर कोई नहीं मिला। माना जा रहा है कि सवार लोग मौके से किसी नर्सिंग होम किसी तरह चले गए होंगे।

## सार-संक्षेप

### कृषि कार्य के नाम पर ट्रैक्टरों का हो रहा व्यवसायिक उपयोग

**खागा-फतेहपुर।** कृषि कार्य के लिए रजिस्टर्ड ट्रैक्टर व्यवसायिक कार्यो में धडल्ले से लिप्त नजर आ रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर सड़क दुर्घटना ट्रैक्टर ट्राली से घटित होती हैं। आज के समय देखा जाए तो ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे कोई लाइट नहीं लगी होने के कारण वाहन चालकों को दूर की रोशनी नहीं दिखाई देती जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटना का कारण बनते हैं। साथ ही बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से खनन कार्य ट्रैक्टर द्वारा कमाई का पर्याप्त साधन बनता जा रहा है। ट्रैक्टर मालिक चालक श्रमिकों के साथ लेकर संगठित गिरोह की शक्ल में तब्दील हो रहे हैं। खेती के आड़ में खनन का खेल ट्रैक्टर से किया जाता है। रजिस्ट्रेशन तो कृषि कार्य के लिए कराया जाता है। लेकिन अधिकांश ट्रैक्टर से मिट्टी, रेत, गिट्टी व अन्य ढोने का कार्य किया जाता है दिन प्रतिदिन इसमें वृद्धि हो रही है। व्यावसायिक उपयोग में लेने के लिए इसका परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। जो की परिवहन विभाग के अनदेखी से ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में हजारों ट्रैक्टर ट्रालियां सड़क पर बेखौफ दौड़ रही हैं। ट्रैक्टर के दुरुपयोग की खबरें होने के बावजूद शासन एवं प्रशासन की आंखें बंद है कमाई का जरिया ट्रैक्टर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कमर्शियल उपयोग के लिए नहीं करने पर ट्रैक्टर मालिकों को टेक्स भी नहीं देना पड़ता। बिना कमर्शियल परमिट के ट्रैक्टर का व्यवसायिक उपयोग किया जाता है। ट्रैक्टर ट्राली से व्यावसायिक उपयोग के बग़ैर रजिस्ट्रेशन नंबर लिए ट्राली सड़क पर खड़ा करना भी गैर कानूनी है। अधिकारी मानते हैं कि बिना रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टर ट्राली व्यावसायिक कार्य नहीं कर सकते हैं परंतु परिवहन विभाग द्वारा इन ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ कार्यवाही करता है तो हर वर्ष लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त होगा ऐसा न करने से जहां एक तरफ राजस्व का नुकसान हो रहा है। वही दुर्घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं।


सड़कों पर फरार्टा भरते ट्रैक्टर।

### समस्याओं को लेकर ताजियेदारों में नाराजगी

**फतेहपुर।** ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी की बैठक अध्यक्ष शुक्रवार को चौधरी मोईन राईन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें तजियादारों से समस्याओं पर चर्चा कर जिला प्रशासन के माध्यम से दूर कराने का प्रस्ताव रखा गया। शुक्रवार को बाकरगंज स्थित पुरानी बकरी बाजार निवासी गुलाम जाफर एडवोकेट के आवास पर ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी की बैठक अध्यक्ष चौधरी मोईन राईन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शहरकाज़ी शहीदुल इस्लाम अब्दुल्ला रहे। बैठक में मोहर्रम पर्व के दौरान निकलने वाले ताजिया व अलम इंतेजामिया से उनकी समस्याओं पर चर्चा की गयी। साथ ही कमेटी के द्वारा उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध कर जिला प्रशासन के माध्यम से हल करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चौधरी मोईन राईन ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आस्था सद्भाव का प्रतीक है जिसे आपसी भाईचारा के साथ मनाया जाता है। कमेटी के द्वारा सभी तजियादारों व अलम इंतेजामिया कमेटी के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को नोट किया गया है। प्रशासन संबंधित समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए समस्याओं को निस्तारित कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर शब्बीर अहमद, बशीर हुसैन, मो. शमी खां, खलील खां, हाजी कासिम अली, कफील अहमद, मुस्सन खां, चौधरी महमूद हसन राईन रहे।

## महिला से चेन स्नेचिंग करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता फतेहपुर

- 25 जून को शहर के आईटीआई रोड पर हुई थी घटना

**अमृत विचार।** महिला से चेन स्नेचिंग का स्कूटी सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के इस्माइलगंज निवासी गणेश शर्मा की पत्नी मधुमाला शर्मा 25 जून को बाजार करने पहुंची थी। आईटीआई रोड पर डा. नवल किशोर की कोठी के पास स्कूटी सवार दो युवक महिला की चेन छीनकर भाग निकले थे। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने स्कूटी नंबर के ट्रेस किया है। एसएसआई संतोष कुमार ने बताया कि आरोपी जल्द ही पकड़े जाएगें।

## बादलों की लुकाछिपी, बारिश का बेसब्री से इंतजार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- उमस भरी गर्मी लोगों को सता रही

**अमृत विचार।** जिले में बारिश नहीं होने से लोगों को फिर से उमस वाली गर्मी सता रही है। बीते दिनों कुछ स्थानों में हल्की बारिश तो हुई, लेकिन गर्मी से पूरी राहत नहीं मिली। मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। वहीं, पिछले सप्ताह से उमस वाली गर्मी लगातार बरकरार है। एक सप्ताह में एक दिन भी अधिकतम तापमान सामान्य नहीं रहा है। इस बार गर्मी में अधिकतम तापमान तो 47 डिग्री तक पहुंच गया था। हालांकि 25 जून के बाद से मौसम का मिजाज कुछ नर्म हुआ है। इस कारण तापमान 35 से 40 डिग्री के बीच रह रहा है। वहीं, शुक्रवार को अधिकतम 36.4 और न्यूनतम 28.6 डिग्री तापमान रहा।

इस बार पड़ रही रिकार्ड तोड़ गर्मी से जिलेवासियों को राहत नहीं मिल पा रही है। पहले उच्च तापमान वाली गर्मी और अब उमस वाली गर्मी लोगों का दिन का चैन और रात का सुकून छीन रही है। शुक्रवार को भी सुबह से ही धूप और बदली का तालमेल लोगों को पसीना-पसीना होने को मजबूर किया। सुबह के 10 बजे के बाद से ही सड़कों में सन्नाटा नजर आने लगा। जरुरी कामों के लिए निकलने वाले लोग छांव की तलाश करते नजर आए। हर किसी के मुंह से बरबस यही निकलता रहा कि कब गर्मी से छुटकारा मिलेगा। जानकारों ने बताया कि धूप के साथ बादल आने और पुरवइया हवा चलने से उमस बढ़ रही है। जब तक बारिश नहीं होती है तब तक हालात नहीं बदलने वाले हैं। शुक्रवार को सभी परिषदीय स्कूलों को खोला गया। सुबह बच्चे स्कूल पहुंच गए लेकिन छुटटी होने के बाद गर्मी से बेहाल घरों तक पहुंचे।

**पहला दिन** | बच्चों को खुशनुमा माहौल देने की शिक्षकों ने की कवायद

# ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल पहुंचे बच्चे, तिलक लगा स्वागत किया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बाद पुनः सरकारी स्कूलों में रौनक लौट आई। शुक्रवार को विद्यार्थी सुबह से ही स्कूल पहुंचे तो उनका स्वागत तिलक लगाकर किया गया।

कई स्थानों पर स्कूल जाने की उत्सुकता में सुबह विद्यार्थियों को बैग हाथ में पकड़े स्कूल बसों का इंतजार करते दिखाई दिए। गर्मी की छुट्टियों में मौज मस्ती व होमवर्क करने के बाद स्कूलों में जाने के लिए छात्र छात्राओं के चेहरे पर अलग चमक देखने को मिली। सरकारी स्कूलों में जाने के लिए बच्चों को पैदल जाते हुए देखा गया। करीब एक माह बाद स्कूलों में बच्चों का शोरगुल सुनाई दी। हालांकि स्कूलों में पहले दिन बच्चों की संख्या आम दिनों से कम रही लेकिन पढ़ाई पर इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिला। सभी परिषदीय स्कूलों में दोपहर को मध्यान्ह भोजन बच्चों को परोसा गया।

गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल में पहला दिन बच्चों के लिए हमेशा मस्ती भरा रहता है। ग्रीष्मावकाश के बाद जिले के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं बॉ विद्यालय शुक्रवार से खुल गये। स्कूल पहुंचे बच्चों की चेहरे पर खुशी देखते बन रही थी। दोस्तों से मुलाकात हुई और गर्मी की छुट्टियों के दौरान की गतिविधियों पर चर्चा हुई। हालांकि, अधिक गर्मी के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति कम ही रही। कुछ विद्यालयों में छात्र संख्या न के बराबर रही। बता दें की जिले में 20 मई से ग्रीष्मावकाश हुआ था।

भीषण गर्मी और उच्च तापमान को देखते हुए शिक्षक संगठन और समय की मांग कर रहे थे लेकिन विभाग ने नहीं सुनी और 25 जून से विद्यालय खोल दिया और तीन दिन तक मात्र शिक्षक ही स्कूल पहुंच कर साफ सफाई की व्यवस्था की। 28 जून यानि शुक्रवार से बच्चे भी स्कूल पहुंचे। स्कूल खुलने पर गर्मी का प्रभाव स्पष्ट रुप से दिखाई दिया। छात्र-छात्राओं की कम रही।


स्कूल पहुंचने पर बच्चों को टीका लगाती शिक्षिका। अमृत विचार

### ग्रामीणांचलों में भी रही रौनक

नगर समेत अन्य विद्यालयों में भी खूब रौनक रही। फरीदपुर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए पहले दिन खुशनुमा माहौल बनाया गया। विद्यालय की इंचार्च प्रधानाध्यापिका गर्विता सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों के साथ गांव में भ्रमण कर अभिभावकों से छात्र छात्राओं को विद्यालय भेजने का आग्रह किया। गांव में भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने विद्यालयों के बच्चों के अभिभावकों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का आग्रह किया गया। वहीं स्कूल पहुंचे बच्चों को रोली-चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया गया।

### दोपहर में बच्चों को खिलाया गया खीर-हलुआ

करीब एक माह बाद स्कूलों में बच्चों की आवाज सुनाई दी। हालांकि स्कूलों में पहले दिन बच्चों की संख्या आम दिनों से कम रही, लेकिन बच्चों के स्वागत में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई। पहले दिन बच्चों को दोपहर में खीर, हलुआ खिलाया गया। विद्यार्थियों के आने के बाद पहले दिन से ही स्कूलों में पढ़ाई का सिलसिला शुरु हो गया। स्कूलों का समय शिक्षा विभाग ने सुबह 7.30 से दोपहर 10.30 बजे तक कर दिया है जबकि शिक्षकों के लिए 1.30 बजे तक रहा। शिक्षकों ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के एक माह बाद स्कूल खुलने पर विशेषकर छोटे बच्चों में अपने सहपाठियों से मिलने, कक्षाओं में पढ़ाई करने, खेलने को लेकर काफी उत्साह नजर आया। अगले एक दो दिनों में पिछले महीने की तरह स्कूल में सामान्य उपस्थिति होने की संभावना है।

### बच्चों की संख्या बढ़ाने पर जोर

प्रदेश सरकार ने 28 जून से प्राइमरी विद्यालयों को खोलने के आदेश दिए थे, इसको देखते हुए सरकार ने यह भी कहा था कि पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों का रोली और चंदन लगाकर टीकाकरण करके उनका स्वागत किया जाए। जिले में भी तमाम स्कूलों में इसी तरीके से बच्चों का पहला दिन स्वागत किया गया। उनको रोली और चंदन का टीका लगाया गया साथ ही बच्चों के खाने के लिए दोपहर में हलुवा और खीर के लंच की व्यवस्था भी की गई है। प्राइमरी और जूनियर स्कूलों में लगातार काम हो रही बच्चों की संख्या को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है और कहीं न कहीं इससे आने वाले वक्त में स्कूलों की संख्या में इजाफा भी देखा जा सकता है, उच्च प्राथमिक विद्यालय खेलदार में पहले दिन इसी तरीके से बच्चों का स्वागत और सत्कार किया गया है।

## बाइक न मिलने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**फतेहपुर।** दहेज में बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। महिला थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के कुकुरी निवासी शांति देवी उर्फ लक्ष्मी देवी की शादी 11 दिसंबर 2020 थरियांव थाना सखियांव के ब्रह्मपुर निवासी सोहन उर्फ बउवन से हुई थी। पीड़ित महिला ने बताया कि पति, ससुर फूल सिंह, सास केशकली, जेठ गोलू सिंह, मान सिंह, जेठानी ललिता देवी, पूनम देवी शादी के बाद से दहेज में बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर ससुराली मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। बाइक न मिलने पर 17 नवंबर को 2023 को ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया। सूचना पर मायका पक्ष पहुंचा। इसके बाद भी ससुराली उसे रखने को तैयार नहीं हुए। मायके पक्ष को भी गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देकर अपमानित किया। उसने पुलिस से शिकायत की। ससुराली 10 जनवरी को समझौते के बाद उसे ले गए। उसे 24 जून को दोबारा पीटा और घर से निकाल दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**संदलपुर।** कांधी चौकी क्षेत्र में कानपुर-इटावा हाईवे पर वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची कांधी चौकी पुलिस ने जांच-पड़ताल की, लेकिन पहचान का कोई कागजात नहीं मिलने के कारण शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को मर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक सीसीटीवी फुटेज जारी कर लोगों से पहचान करने की अपील की है।

### करंट की चपेट में आकर संविदा विद्युत कर्मी गंभीर

**पुखरायां।** हाईटेंशन लाइन में मरम्मत करने गया संविदा कर्मी करंट की चपेट में आने पर पोल से गिरकर घायल हो गया। भोगनीपुर क्षेत्र के मुकेश कुमार ने बताया कि उनके साथी नोनापुर गांव निवासी संविदा कर्मी लाइनमैन प्रमोद कुमार (35) फैक्ट्री एरिया इंटर कालेज के मैदान के पास शट डाउन लेकर पीसीसी लाइन में पोल पर चढ़कर मरम्मत कर रहा था। तभी किसी कारण अर्थिंग मिलने से करंट की चपेट में आने पर पोल से नीचे गिर कर घायल हो गया। अन्य कर्मचारी उसे सीएचसी ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मुंगीसापुर पशु बाजार से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के मुंगीसापुर पशु बाजार में बकरी बेचने गए किसान की बाइक चोरी हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के सुखसौरा निवासी रमाकांत ने सिकंदरा थाना में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार सुबह वह अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर बकरी बेचने मुंगीसापुर पशु बाजार आए थे। वह पशु बाजार के अंदर बकरी बेचने के लिए चले गए और बेटा बाइक लेकर बाहर रोड पर ही खड़ा हो गया था। तभी कुछ देर बाद बेटे को प्यास लगी तो वह पानी पीने चला गया। जब वापस आया तो वहां पर बाइक मौजूद थी। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली गिरने से चार राष्ट्रीय पक्षियों की मौत

**रसूलाबाद।** क्षेत्र रतनपुर समायूं के मध्य भुगदेश्वर मंदिर के पास आकाशीय बिजली गिरने से चार राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने मोरों की मौत की सूचना वन विभाग को दी। वन क्षेत्राधिकारी एसएन सिंह ने वन दरोगा सुघर सिंह को मौके पर भेजा। रसूलाबाद के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेन्द्र ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद शवों को दफना दिया गया।

### बिजली गिरने से वृद्धा की चली गई जान

**रसूलाबाद।** शाहपुर रतनपुर निवासी ज्ञान देवी (70) शुक्रवार शाम करीब 4 बजे जानवरों का गोबर घूर में डालने जा रही थी, तभी आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना तहसीलदार को दी। तहसीलदार सुभाष चंद्र ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। जांच आख्या और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी ने बताया कि सूचना मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### बियर ठेका के सेल्समैन से मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव स्थित बियर ठेके के सेल्समैन को गांव के ही युवक ने लाठी-डंडों से मारा पीटा। रठिगांव थाना रेवना निवासी रोहित कुमार ने बताया कि वह चांदपुर स्थित बियर ठेके में सेल्समैन की नौकरी करता है। गुरुवार की देर शाम चांदपुर का राजेंद्र कुमार ठेके में आया और अकारण ही गालीगलौज करने लगा। मना करने पर उसने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

# प्रधानाध्यापिका की बहाली पर हंगामा, स्कूल में ताला डाला

## प्रधानाध्यापिका को हटाने की मांग पर अड़े गांव के लोग, बच्चों को नहीं भेजा स्कूल

संवाददाता, राजपुर

- मिडडे मील में लापरवाही बरतने पर किया गया था निलंबित
- पैलावरडेरा संविलियन विद्यालय में दोबारा की गई तैनाती

**अमृत विचार।** पैलावरडेरा संविलियन विद्यालय में तैनाती के दौरान निलंबित की गई प्रधानाध्यापिका की बहाली से खफा ग्रामीणों ने शुक्रवार को न सिर्फ विरोध जताते हुए हंगामा किया, बल्कि हटाने की मांग करते हुए स्कूल में ताला लगा दिया। बीईओ के निर्देश पर चार्ज लेने पहुंचीं प्रधानाध्यापिका का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने अपने बच्चों को स्कूल भी नहीं भेजा। हंगामे की सूचना पर पहुंचे राजपुर बीईओ ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर विद्यालय का ताला खुलवाया और पूरे मामले की बीएसए को जानकारी दी। विद्यालय में एक भी छात्र पढ़ने नहीं पहुंचा और सन्नाटा पसरा रहा।



बच्चों के स्कूल न आने से कार्यालय में बैठी प्रधानाध्यापक वसीम बानो व शिक्षक।

राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के पैलावरडेरा संविलियन विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका वसीम बानो को मिडडे मील में लापरवाही बरतने के आरोप में अक्तूबर 2022 में निलंबित कर पीतमपुर के संविलियन विद्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। जांच में आरोपों की पुष्टि न होने पर बीएसए ने 27 मई को शिक्षिका वसीम बानो को बहाल कर मूल तैनाती वाले संविलियन विद्यालय पैलावरडेरा में ही फिर से तैनाती दे दी। पहले दिन गुरुवार को प्रधानाध्यापिका वसीम बानो विद्यालय के शिक्षकों के साथ सुबह 07:30 बजे स्कूल पहुंचीं तो स्कूल के गेट पर ग्रामीणों ने ताला डाल रखा था।

स्कूल में ताला देख शिक्षकों ने मामले की जानकारी बीएसए को दी। बीएसए के निर्देश पर बीईओ संजय गुप्ता विद्यालय पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर स्कूल का ताला खुलवाया और फिर प्रधानाध्यापिका वसीम बानो को चार्ज दिलाया। ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी से कहा कि प्रधानाध्यापिका उर्दू शिक्षिका हैं। विद्यालय में हिंदी शिक्षिका को तैनात किया जाए। ग्रामीण प्रधानाध्यापिका को हटाने की मांग पर अड़ गए और बच्चों को स्कूल नहीं भेजने की बात कही।

शुक्रवार को प्रधानाध्यापिका वसीम बानो, प्राइमरी की प्रधानाध्यापिका नीरू सिंह, सहायक शिक्षिका रैना, गोल्डी देवी, संजय कुमार, जसवंत पाल, शिक्षामित्र रेनू पाल और अनुराग त्रिवेदी सुबह विद्यालय पहुंचे, लेकिन एक भी छात्र पढ़ने के लिए स्कूल नहीं पहुंचा। शिक्षिकों ने इसकी जानकारी बीईओ को दी। स्कूल बंद होने तक कोई भी अधिकारी स्कूल नहीं पहुंचा और न ही शिक्षकों ने बच्चों के अभिभावकों से संपर्क करना जरूरी समझा। राजपुर बीईओ संजय गुप्ता ने कहा कि इस मामले की जिले के अधिकारियों को जानकारी दी गई है।



शुक्रवार को बच्चों के स्कूल न आने से कमरे में पसरा रहा सन्नाटा।



पहले दिन स्कूल पहुंचे मरहना प्राथमिक विद्यालय में समर कैंप के दौरान मस्ती करते बच्चे। अमृत विचार

# खेल और मस्ती के साथ पढ़ाई शुरू

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- परिषदीय स्कूलों में पहले दिन बच्चों को रोली लगाकर स्वागत

**अमृत विचार।** लगभग सवा महीने बाद खुले परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से विद्यालयी वातावरण खुशनुमा हो गया। दो दिवसीय समर कैंप के पहले दिन बच्चों का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। कैंप में बच्चों ने खूब मस्ती की।

19 मई से परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश हो गया था। दोबारा विद्यालयों को 18 जून से खुलना था, लेकिन प्रचंड गर्मी की वजह से अध्यापकों के लिए 25 जून व छात्रा-छात्राओं के लिए 28 जून को विद्यालय खोलने का आदेश जारी हुआ था। 28 व 29 जून की सुबह साढ़े सात बजे से 10 बजे तक इन बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन शुक्रवार को स्कूलों में शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को रोली टीका करके स्वागत किया गया। इसके साथ ही विद्यालयों को सजाया संवारा भी गया। कैंप में कई स्कूलों में पौधरोपण व आसपास के दर्शनीय स्थलों का आवलोकन भी कराया गया। बच्चों ने स्कूल में पहले दिन खूब मस्ती और धमाल किया। बच्चे चहकते नजर आए।

इसी क्रम में डेरापुर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय मरहाना में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक ललित त्रिवेदी ने बच्चों के लिए स्विमिंग पूल, नींबू व चम्मच दौड़ इंडोर गेम्स, लूडो, कैरम आदि की व्यवस्था की थी। उन्होंने बताया कि समर कैंप से बच्चों में नई-नई चीजें सीखने के प्रति उत्साह बढ़ता है। कुछ नया सीखना बच्चों को अच्छा लगता है। खासकर खेल और म्यूजिक अधिकतर बच्चों के लिए रुचिकर होता है।

# ब्लाक समन्वयकों से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- सीडीओ ने जिला पोषण समिति व बेसिक शिक्षा के कार्यों की समीक्षा की

**अमृत विचार।** सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा में वीएचएसएनडी सत्रों की 70 प्रतिशत से कम प्रगति पर सीडीओ ने बाल विकास परियोजनाओं के ब्लॉक कोआर्डिनेटरों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।



विकास भवन सभागार में बैठक करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. ने बैठक में उपस्थित एसीएमओ को निर्देशित किया कि जनपद के 2159 सैम बच्चों की स्क्रीनिंग एवं स्क्रीनिंग बाद ई-कवच पोर्टल पर पंजीकृत कराते हुए निर्धारित मेडिसिन उपलब्ध कराएं। साथ ही सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों के किए गए वीएचएसएनडी सत्रों का नियमित निरीक्षण कर फोटोग्राफ सहित सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि छूटे बच्चों की सूची बनाकर टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। इसके बाद सीडीओ ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि बेसिक शिक्षा में चल रही योजनाओं का क्रियांवयन ठीक प्रकार से किया जाए। बच्चों की उपस्थित विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा करने के लिए तैयारियां पूर्ण कर लें। बैठक में बीएसए रिद्धी पांडेय, डीपीओ राकेश यादव, सभी सीडीपीओ, मुख्य सेविका व यूनिसेफ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राजपुर में 5 दिन बाद जलापूर्ति से राहत

संवाददाता, राजपुर

- बिजली-पानी के लिए गुरुवार को जाम हुआ था मुगल रोड

**अमृत विचार।** कस्बे में पानी की टंकी का पाइप लाइन का वाल्व खराब होने से पांच दिनों से नगर के चार वार्डों में जलापूर्ति ठप थी। ऐसे में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। शुक्रवार को पाइप लाइन के वाल्व की मरम्मत होने पर पेयजल आपूर्ति शुरू हो गई।

राजपुर नगर के जोन-2 में पानी टंकी की मेन पाइपलाइन के वाल्व में बीते रविवार को खराबी आने से जलापूर्ति ठप हो गई थी। इसकी वजह से पिछले पांच दिनों से नगर पंचायत के विनोवा भावे नगर, अयोध्या नगर, शास्त्री नगर व मुखर्जी नगर की करीब दस हजार की आबादी में पानी की आपूर्ति बाधित थी। भीषण गर्मी में पेयजल न मिलने से लोग हैंडपंपों पर कतार लगा पानी भर रहे थे। वहीं बिजली न आने पर जेनरेटर से सबमर्सिबल चलाकर लोगों को पानी भरना पड़ रहा था। कई दिनों से जलापूर्ति की समस्या से जूझ रहे लोगों ने गुरुवार को मुगल रोड पर जाम लगाकर हंगामा किया था। सूचना पर पुलिस व चेयरमैन अंशू त्रिपाठी ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया था और सभी वार्डों में नगर पंचायत के पानी से भरे टैंकरों को भेजकर आपूर्ति कराई थी। वहीं शुक्रवार को पानी टंकी की पाइपलाइन का वाल्व की मरम्मत के बाद पेय जलापूर्ति शुरू कराई गई। जिससे लोगों को पांच दिन राहत मिल सकी।

## सार-संक्षेप

### नए कानूनों को लेकर एसपी ने की समीक्षा

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने एक जुलाई से लागू होने वाले नई भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लेकर गूगल मीट के माध्यम से थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की। इसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने, नए कानूनों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार, नए कानूनों के संबंध में दर्ज होने वाली एफआईआर व ई-एफआईआर की व्यवस्थाओं आदि के संबंध में समीक्षा कर निर्देश दिए गए। एसपी ने फील्ड यूनिट के कर्मचारियों के साथ भी गोष्ठी कर नए कानूनों के लागू होने के दृष्टिगत कार्ययोजना की समीक्षा की।



नए कानूनों को लेकर आनलाइन समीक्षा करते एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।



महमूदापुर में इंटरलॉकिंग सड़क का काम शुरू हो गया। अमृत विचार

### इंटरलॉकिंग से महमूदापुर में मिलेगी कीचड़ से निजात

**संदलपुर।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत महमूदापुर में ग्राम प्रधान द्वारा पीडब्ल्यूडी रोड से इस्तियाक के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण का शिलान्यास करने के बाद तेजी के साथ कार्य हो रहा है। इंटरलॉकिंग कार्य होने से बारिश के मौसम में लोगों को कीचड़युक्त सड़क से निजात मिलेगी। जिसको लेकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। महमूदापुर की ग्राम प्रधान सुजाता देवी ने कहा कि पूरे गांव पंचायत में इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, शौचालय निर्माण आदि कार्य जोर शोर से कराया जा रहा है। एक भी बस्ती को छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्ष्य है कि गांव साफ-सुथरा हो और हर घर में शौचालय हो। जिससे लोगों को शौच के लिए खुले में न जाना पड़े। हर सड़क को इंटरलाकिंग किया जाएगा।

### शिक्षकों को पोर्टल पर देना होगा चल-अचल संपत्ति का ब्योरा

**कानपुर देहात।** जनपद के परिषदीय स्कूलों में तैनात करीब 5610 शिक्षकों व कर्मियों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा देने के लिए 30 जून तक का समय दिया गया है। विवरण मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करना है। इन कर्मियों को पूर्व 30 मई तक संपत्ति का ब्योरा देना था, लेकिन किसी ने भी अभी तक ब्योरा नहीं दिया। जिसपर शासन ने समय सीमा बढ़ाई है। वहीं समय बढ़ाने के साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि जो शिक्षक या शिक्षणेत्तर कर्मचारी मानव संपदा पोर्टल पर ब्योरा नहीं देंगे। उनकी पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि शिक्षकों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज कराना ही होगा। शिक्षकों को अपनी बैंक जमा धनराशि, शेयर, वाहन, गहने और अन्य मूल्यवान वस्तुओं के साथ-साथ जमीन, भवन और अन्य संपत्तियों का जिक्र भी करना होगा।

# तबादले के निर्देश नहीं होने से शिक्षक निराश

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- बेसिक शिक्षकों को इस बार सामान्य तबादले होने की कोई भी उम्मीद नहीं

**अमृत विचार।** शासन ने हर विभाग में 30 जून तक आवश्यक तबादले करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत सभी विभाग अपने स्तर से तबादले की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं, लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग में अभी तक तबादला नीति व निर्देश नहीं जारी किए गए हैं। इससे परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक निराश हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग ने लंबे समय बाद पिछले साल शिक्षकों के सामान्य तबादले किए थे। इसमें 16614 से ज्यादा शिक्षकों के तबादले हुए थे। वहीं जनवरी 2024 में 20 हजार शिक्षकों के जिले के अंदर परस्पर तबादले हुए और हाल ही में एक से दूसरे जिले में 2796 शिक्षकों के तबादले हुए हैं। वहीं अब जून खत्म होने में सिर्फ तीन दिन बचे हैं, लेकिन विभाग ने अभी तक सामान्य तबादले को लेकर कोई निर्देश नहीं जारी किए हैं। शिक्षकों का कहना है कि वह काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। फिलहाल शासन ने परस्पर तबादले के बाद शिक्षकों के समायोजन का आदेश बुधवार को जारी कर दिया है।

# पंपिंग सेट से दूर होगा जलभराव

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के कन्हैया नगर में जल निकासी का प्रबंध न होने से मोहल्ले में दो वर्षों से जलभराव की समस्या है। बारिश का पानी भरा होने से लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत पर शुक्रवार को ईओ ने जलभराव वाले स्थान का निरीक्षण किया।



राजपुर के कन्हैया नगर में जलभराव का निरीक्षण करतीं ईओ नीति त्रिपाठी।

- कन्हैया नगर में जलनिकासी का इंतजाम नहीं होने से समस्या
- शिकायत पर ईओ ने जलभराव वाली जगहों का किया निरीक्षण

राजपुर नगर पंचायत के कन्हैया नगर मोहल्ले के रामबाबू, रामश्री देवी, जगदीश, प्रेमबाबू, प्रीतम आदि ने बताया कि बरसात के दिनों में जल निकासी की व्यवस्था न होने से जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत उठानी पड़ती है। शुक्रवार को निरीक्षण करने पहुंचे ईओ नीति त्रिपाठी ने जलभराव का अस्थायी निदान करने के लिए स्थानीय लोगों से वार्ता की और पंपिंग सेट के माध्यम से गंदा पानी निकालने का आश्वासन दिया। ईओ ने बताया कि बस्ती का तालाब गंदगी से पटा है, इसलिए बारिश और लोगों का घरों का पानी सड़क पर भरा है। स्थायी हल निकालने के लिए इंटरलॉकिंग खड़जा और नालियों का निर्माण कराया जाएगा। जब तक स्थायी हल नहीं होता है, पंपिंग सेट के जरिये जल निकासी की जाएगी।

**लापरवाही** सड़क के दोनों ओर साइड एज न बनने से जगह-जगह उखड़ गया डामर

# पहली बारिश में ही धंस गई उप मंडी समिति की सड़क

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान से ठीक एक दिन पहले बनाई गई थी सड़क

**अमृत विचार।** अकबरपुर नगर पंचायत द्वारा उप मंडी समिति तक जाने वाली डामरीकृत सड़क पहली बारिश ही नहीं झेल पाई और करीब डेढ़ माह में ही धंसने लगी है। जिससे सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं साइड ऐज न बनने से जगह-जगह सड़क उखड़ रही है।



अकबरपुर उप मंडी समिति जाने वाली सड़क पर बारिश से गड्ढा हुआ। अमृत विचार

अकबरपुर नगर पंचायत के आंबेडकर नगर वार्ड में शुक्ल तालाब के बगल से होकर उप मंडी समिति जाने वाले करीब ढाई सौ मीटर सड़क पिछले एक दशक से खस्ताहाल पड़ी थी। इसे किसी भी विभाग ने अपने अधीन होने से मना कर दिया था। जिससे सड़क की निर्माण नहीं हो रहा था और मंडी समिति जाने वाले ट्रक, ट्रैक्टर समेत अन्य वाहन आए दिन गड्ढों में फंस जाते थे। पूर्व में तत्कालीन प्रभारी मंत्री से लेकर डीएम, सीडीओ समेत अन्य जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण को लेकर लगातार मांग की जा रही थी। जिसपर तत्कालीन डीएम नेहा जैन ने सड़क को नगर पंचायत अकबरपुर को हैंडओवर कराया था।

लंबी कवायद के बाद नगर पंचायत ने सड़क की इंटरलॉकिंग कराने का प्रस्ताव भेजा था। जिसके मंजूर होने के बाद टेंडर आदि प्रक्रिया की गई। वहीं ऐन वक्त पर जनपद में लोकसभा चुनाव मतदान की तारीख 13 मई के ठीक एक दिन पहले 12 मई की देर शाम आनन-फानन खस्ताहाल सड़क का डामरीकरण कर दिया गया। लेकिन जिम्मेदारों ने सड़क के दोनों ओर साइड ऐज तक नहीं बनवाए। जिससे पिछले दिनों हुई पहली मानसूनी बारिश से सड़क धंसने लगी और गड्ढे होने लगे हैं। साथ ही जगह-जगह डामर उखड़ रहा है। इससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न चिह्न लग रहा है।

> उप मंडी समिति जाने वाली नई सड़क के बारिश में धंसने की जांच कराई जाएगी। वैसे आगे निर्माणाधीन सड़क के लिए भारी वाहनों से निर्माण सामग्री पहुंचाने में सड़क के धंसने की संभावना है।
>
> -प्रदीप पांडेय, ईओ नगर पंचायत

### नाला निर्माण का जल्द तैयार होगा प्रस्ताव

अकबरपुर नगर पंचायत ईओ ने बताया कि कानपुर-इटावा हाईवे से उप मंडी समिति को जाने वाले नए बने संपर्क मार्ग किनारे अभी तक नाला नहीं बना है, जिससे सड़क के दोनों ओर साइड ऐज बनाने में दिक्कत आ रही है। जल्द ही प्रस्ताव बनाकर नाले का निर्माण कराया जाएगा। इससे जलनिकासी के साथ ही सड़क के दोनों ओर साइड ऐज बनाने का रास्ता भी साफ होगा।

## झाले छीनने में धरा गया आरोपी

**रनियां।** ससुराल से पत्नी को बाइक पर लाते समय किशरवल गांव के पास दूसरे बाइक सवार ने महिला के झाले छीनने का प्रयास किया। आरोपी को पकड़कर बाइक समेत पुलिस के हवाले कर दिया गया।

रनियां थाना क्षेत्र के करबक गांव निवासी सोनू पत्नी सोनम को ससुराल जल्लापुर से लेकर गुरुवार देर शाम आ रहा था। किशरवल पार करने के बाद पीछे से आए बाइक सवार ने सोनू की पत्नी के बाला छीनने का प्रयास किया। इसके बाद बाइक सवार युवक घूमकर रनियां की तरफ दोबारा भगाने का प्रयास किया। तभी सोनू ने अपने भाई राघवेंद्र को फोन पर बाइक सवार के रनियां की तरफ आने की सूचना दी। उसके भाई ने बाइक संख्या के आधार पर आरोपी को रोक लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में युवक ने अपना नाम नबीपुर निवासी रवि उर्फ रविंद्र बताया है।

# कल्याण दिवस के रूप में मनेगी भामाशाह की जयंती

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- जयंती के मौके पर आज ईको पार्क में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**अमृत विचार।** अपनी संपूर्ण संपत्ति को दान स्वरूप महाराणा प्रताप को अर्पित कर भामाशाह इतिहास में अमर हो गए। इसी उपलक्ष्य में 29 जून को भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

शुक्रवार को डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम ने कहा कि जयंती पर उनके जीवन पर आधारित ईको पार्क में 29 जून को सुबह 11 बजे से प्रदर्शनी लगाई जाए और विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए जाएं। जो व्यापारी जनपद में उत्तम कार्य कर रहे हैं। उनको सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जनपद के सभी सम्मानित व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जाए। इस दौरान जनपद के दो सर्वाधिक करदाता व्यापरियों को सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

शासन का उद्देश्य है कि इतिहास में अमर ऐसे व्यक्तित्वों को सामने लाकर उनके जीवन का आदर्श समाज के सामने प्रस्तुत करना है, जिससे सभी नागरिक देश और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन ईमानदारी व निष्ठा के साथ कर सके। बैठक में एडीएम न्यायिक अमित राठौर, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, डीसी एनआरएलएम गंगाराम वर्मा, उपायुक्त उद्योग मो. सउद, बीएसए रिद्धी पांडेय, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश कुमार अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।

